दैनिक
# भारत देश हमारा

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी www.Bharatdeshhamara.com DAILY BHARAT DESH HAMARA PATIALA

रजिस्ट्रेशन नं. पीबी/पीटीए ( 0273 )/2024-26 PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985 वर्ष 41 अंक 124 पटियाला मंगलवार 6 मई 2025 मूल्य दो रुपए कुल पृष्ठ: 8 फोन : 0175-5061948, Posted at RMS Patiala E-mail:- bdhpatiala@gmail.com

### नागपुर में सड़क हादसे में तीन की मौत एक गंभीर

नागपुर, 5 मई (निस) महाराष्ट्र के नागपुर शहर में रविवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा न्यू काटोल नाका क्षेत्र में दोपहर करीब तीन बजे हुआ। तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने पहले एक स्कूटर को टक्कर मार दी।

### गुरदासपुर बॉर्डर पर गिरफ्तार किया पाकिस्तानी नागरिक

गुरदासपुर 5 मई (निस) भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच बीएसएफ ने पंजाब के गुरदासपुर जिले में एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 3 मई 2025 की देर रात की बताई जा रही है। गिरफ्तार नागरिक की पहचान गुजरांवाला निवासी के रूप में हुई है।

# भारत पर बुरी नजर डालने वालों को करारा जवाब मिलेगा-राजनाथ

## पहलगाम हमले के आरोपी जल्द होंगे ढेर, पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा पोषक



नई दिल्ली 5 मई (निस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में वायुसेना प्रमुख और नौसेना प्रमुख एडमिरल के साथ अहम बैठकें कीं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम में आतंकवादियों को करारा जवाब देने का संकल्प लिया और कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का उचित जवाब देने के लिए चर्चा चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले कुछ दिनों में सेना प्रमुखों के साथ कई उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठकें की हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पहलगाम हमले के दोषियों को करारा जवाब देने के लिए बातचीत चल रही है। इसी दौरान राजनाथ सिंह का एक बयान सामने आया है।

**भारत पर बुरी नजर रखने वालों को ''मुंहतोड़ जवाब'' देना जिम्मेदारी** - रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम करना और भारत पर बुरी नजर रखने वालों को ''मुंहतोड़ जवाब'' देना उनकी जिम्मेदारी है। सिंह की यह टिप्पणी 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में आयी है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। रक्षामंत्री सिंह ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और उनकी कार्यशैली, दृढ़ संकल्प और जिस तरह से वह ''जोखिम उठाते'' हैं, उससे वे भली-भांति परिचित हैं।

**पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई पर विचार** - भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सिंह ने कुछ भी स्पष्ट किये बिना कहा, ''मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आप जो चाहते हैं, वह निश्चित रूप से होगा।'' सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

# पंजाब विस में गरजे सीएम मान, कहा-केन्द्र की गलत नीतियों से पंजाब को पहुंचा नुकसान, पूर्व कांग्रेस व अकाली सरकारों को भी दोषी ठहराया

## बाजवा के साथ तीखी बहस, हरियाणा को अब देने के लिए एक बूंद पानी भी नहीं-सीएम मान, बीबीएमबी पुर्नगठन की मांग



चंडीगढ़ 5 मई (निस) पंजाब विधानसभा में पानी के मुद्दे पर बोलते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पानी कोई 2-3 साल पुराना मुद्दा नहीं है, बल्कि केंद्र सरकार शुरू से ही पंजाब को धकेलती आ रही है। उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि हरित क्रांति के दौरान पंजाब ने देश के भंडार भर दिए, लेकिन इसका पता तब चला जब हमारा भूमिगत जल खत्म हो गया और हरित क्रांति उन्हें महंगी पड़ गई। उन्होंने कहा कि चावल उनका भोजन नहीं है, लेकिन वह देश के लिए चावल बीज रहे हैं। 9 गोविंद सागर झीलों जितना पानी वह धान की एक जमीन दौरान नीचे से निकाल लेते हैं। जिस गहराई से आज मालवा में पानी निकाला जा रहा है उसे गहराई से साउदी अरब वाले तेल निकाल रहे हैं और बोरवेलों का पानी गर्म निकल रहा है। यहां तक कि मछली मोटरें भी जवाब दे चुके हैं, अब इससे आगे कहां चले जाएं? मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारे पास पाइपों की कमी है और उन्होंने बेंगलुरु से पाइप मंगवाए हैं। उन्हें पिछली सरकारों की गलतियों की कीमत चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि आज उन्होंने फिर से सुए और कस्सियां को दोबारा चलाया है। आज नहरों का पानी 60 प्रतिशत से अधिक पानी का उपयोग हो चुका है और उन्होंने किसी के अधिकारों का उल्लंघन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब ने 2014-15 में 70 प्रतिशत पानी का उपयोग किया और अब 2024-25 में 91 प्रतिशत नहरी पानी का उपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रातों-रात बी.बी.एम. की बैठक बुलाई गई और पंजाब के साथ धक्का किया गया। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस अभी तक यह स्पष्ट नहीं कर पाई है कि वह किसके साथ है। उन्होंने कैप्टन अमरिंदर सिंह पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि पानी का रक्षक तो भाजपा में है।

**प्रताप सिंह बाजवा के साथ तीखी बहस**-सदन में बोलते समय मुख्यमंत्री मान की प्रताप सिंह बाजवा से तीखी बहस हो गई। मुख्यमंत्री ने जब एक कहावत का हवाला देकर प्रताप सिंह बाजवा पर निशाना साधा तो प्रताप सिंह बाजवा भड़क गए और कहने लगे कि सदन में पानी पर चर्चा होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर उन्हें पानी पर बोलने दें तो बोलूं।

**बी. बी. एम. बी. पुर्नगठन की मांग** मुख्यमंत्री ने कहा कि बी.बी.एम.बी. को रावी, सतलुज, ब्यास और भाखड़ा से संबंधित बनाया गया है तथा इसका हरियाणा और राजस्थान से कोई संबंध नहीं है, लेकिन इनके पास वोट हैं। उन्होंने कहा कि सारा खर्च वह देते हैं और अधिकारी भी पंजाब केडर का वेतन लेते हैं, इसे खत्म **शेष अंतिम पृष्ठ पर**


### भारत ने पाकिस्तान के दो न्यूज पोर्टल्स के एक्स अकाउंट को किया बैन

नई दिल्ली, 5 मई (निस) भारत और पाकिस्तान के तनाव के बीच भारत सरकार ने एक और सख्त कदम उठाते हुए दो न्यूज पोर्टल्स बलूचिस्तान टाइम्स और बलूचिस्तान पोस्ट के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल को बैन कर दिया है। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अपनाए गए आक्रामक रवैये का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर कार्रवाई के तहत भारत ने पहले पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी, पूर्व पीएम इमरान खान और पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक्स अकाउंट्स पर भी भारत में रोक लगा दी थी। ख्वाजा आसिफ भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी और परमाणु हमले की धमकी देने दे रहे थे। इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के कई प्रमुख यूट्यूब चैनलों को भी बैन कर दिया है। केंद्र सरकार की ये कार्रवाइयां भारत की सुरक्षा और संप्रभुता को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों का हिस्सा हैं। बलूचिस्तान टाइम्स और बलूचिस्तान पोस्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स पर भारत विरोधी सामग्री को बढ़ावा देने का आरोप है, जिसके चलते इन को बैन कर दिया गया है।भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर घेरने की रणनीति अपनाई है। भारत की ये कार्रवाइयां पाकिस्तान को साफ संदेश देती हैं कि आतंकवाद और भारत विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भारत ने बगलिहार बांध से पाकिस्तान का पानी रोका

श्रीनगर 5 मई (निस) भारत ने पाकिस्तान को मिलने वाले पानी को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। चिनाब नदी पर स्थित बगलिहार बांध के जलग्रहण गेट बंद कर दिए गए हैं, जिससे पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी का प्रवाह रुक गया है। यह कदम पाकिस्तान द्वारा शनिवार को सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण के कुछ घंटों बाद ही उठाया गया। जानकारी अनुसार भारत ने बगलिहार जल विद्युत परियोजना के गेटों को बंद कर दिया है, साथ ही जलाशय से गाद निकालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि किशनगंगा जलविद्युत परियोजना से भी पानी के बहाव को कम किया जा रहा है, और इसे लेकर जल्द ही रखरखाव कार्य शुरू होने वाला है। यह कार्रवाई पाकिस्तान द्वारा आतंकवादी हमले के संदर्भ में उठाए गए कदमों के बीच हुई है, जिसमें 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में कई पर्यटक मारे गए थे।

# पाकिस्तान नेशनल एसेंबली में भारत को फिर गीदड़भभकी, कहा-हम बाद में सोचेंगे, पहले हमला करेंगे, बोलते समय पसीने छूटे



इस्लामाबाद 5 मई (निस) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत के कड़े रुख से पाकिस्तान परेशान है। भारत की सख्ती को देखते हुए पाकिस्तान ने अपनी संसद का विशेष सत्र बुलाया, जो स्पीकर सरदार अयाज सादिक की अध्यक्षता में शुरू हुआ। इस सत्र में पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने सर्वसम्मति से भारत के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया। यह प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री डॉ. तारिक फजल ने पेश किया था।

भारत पर केंद्रित होगा सत्र-पाकिस्तान में नेशनल असेंबली का विशेष सत्र तब बुलाया जाता है जब राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा महसूस होता है। इस सत्र में सभी राजनीतिक दलों के नेता उपस्थित हैं और पाकिस्तान का पूरा ध्यान इस सत्र में भारत पर रहेगा।

पाकिस्तान संसद में तीखे बयान-संसदीय सत्र में पीटीआई संस्थापक उमर अयूब ने कहा, हम बाद में सोचेंगे, पहले मारेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान के विमानों को मार गिराया जाएगा। साथ ही शहबाज शरीफ ने भी भारत को कड़ा जवाब देने की बात कही, ताकि पाकिस्तान का विरोधी देश समझे।

पाकिस्तान डरा हुआ है-पहलागाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाए हैं, जिनमें सिंधु जल संधि का निलंबन भी शामिल है। पाकिस्तान के नेताओं ने भारत को धमकियां दी हैं, और बिलावल भुट्टो ने तो सिंधु नदी में पानी की जगह खून बहाने की बात तक की है। ये सभी बयान पाकिस्तान के डर को साफ दिखाते हैं, क्योंकि वह मिसाइल परीक्षण भी कर रहा है।

**भारत के खिलाफ बैठक**-पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को लेकर पाकिस्तान की सरकार और सेना ने एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। इस बैठक में सिवाय इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के देश की लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने हिस्सा लिया । बैठक का उद्देश्य था भारत के साथ **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

# पीएम मोदी एवं रक्षा सचिव के बीच अहम बैठक



नई दिल्ली, 5 मई (निस) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत की प्रतिक्रिया को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। इसी बीच सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अहम बैठक हुई। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जबकि प्रधानमंत्री मोदी पहले ही थल, जल और वायु सेना प्रमुखों से अलग-अलग चर्चा कर चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, यह चर्चा पाकिस्तान के खिलाफ संभावित रणनीतिक कार्रवाई की अंतिम तैयारी के संदर्भ में हुई है। पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से अधिक पर्यटकों और एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस जघन्य हमले से पूरे देश में गुस्सा व्याप्त है।

इस घटना पर प्रधानमंत्री मोदी पहले ही सख्त चेतावनी दे चुके हैं कि इस हमले की साजिश रचने वालों को ऐसी सजा दी जाएगी जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी स्पष्ट संकेत दिए कि सरकार की प्रतिक्रिया निर्णायक और सख्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली, संकल्प और जोखिम उठाने की क्षमता से देश परिचित है। मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि देश जो चाहता है, वह जरूर होगा।

गौरतलब है कि अब तक भारत पाकिस्तान के खिलाफ कई राजनयिक कदम उठा चुका है, जिनमें राजनयिक संबंधों में कटौती, सिंधु जल संधि की समीक्षा, जल रोके जाने से लेकर हवाई क्षेत्र की सीमाएं बंद करना शामिल हैं। अब सैन्य स्तर पर भी बड़ी कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं।

# दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो निर्दोष कश्मीरियों को तंग न किया जाए-महबूबा



जम्मू, 5 मई (निस) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद राज्य में तनावपूर्ण हालात के बीच पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने पहलगाम में स्थानीय लोगों से मुलाकात की और अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मानवीय अपील की है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन निर्दोष कश्मीरियों को इससे परेशान न किया जाए। महबूबा मुफ्ती ने पहलगाम में स्थानीय नागरिकों से मिलते हुए कहा, कि 22 अप्रैल की घटना पहलगाम के लिए एक सदमा थी। लेकिन कश्मीरियों ने पर्यटकों को बचाने में अपनी जान जोखिम में डाल दी। इससे यह साबित होता है कि इस दुख की घड़ी में कश्मीरी देश के साथ खड़े हैं। इसी के साथ महबूबा मुफ्ती ने गृह मंत्री शाह से अपील करते हुए कहा कि जो लोग इस हमले के पीछे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# दिल्ली के दंगों को लेकर अदालत ने सुनाया बड़ा फैसला, 12 लोगों को बरी किया



नई दिल्ली 5 मई (निस) दिल्ली की एक स्थानीय अदालत ने 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने हत्या और आपराधिक साजिश के आरोपों का सामना कर रहे 12 लोगों को बरी कर दिया है। इन सभी पर आरोप था कि वे 26 फरवरी 2020 को गोकलपुरी इलाके में हाशिम अली नाम के एक व्यक्ति की हत्या करने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने अपने फैसले में कहा कि जो परिस्थितिजन्य सबूत पेश किए गए। वे आरोपियों की पहचान भीड़ के सदस्य के तौर पर स्थापित करने के लिए पर्याप्त नहीं थे। 30 अप्रैल को दिए गए 52 पन्नों के अपने आदेश में न्यायाधीश ने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें ऐसे परिस्थितिजन्य साक्ष्य नहीं मिले जो किसी भी आरोपी को दोषी भीड़ का सदस्य साबित कर सकें। इसके बाद अदालत ने लोकेश कुमार सोलंकी, पंकज शर्मा, अंकित चौधरी, प्रिंस, जतिन शर्मा, हिमांशु ठाकुर, विवेक पांचाल, ऋषभ चौधरी, सुमित चौधरी, टिंकू अरोड़ा, संदीप और साहिल को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत ने यह भी कहा कि अभियोजन पक्ष मुख्य रूप से परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर निर्भर था क्योंकि प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोपियों की पहचान करने में उनका समर्थन नहीं किया। इस दलील को भी नहीं माना कि कुछ आरोपी (जो कट्टर हिंदू एकता नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्य थे) ने अपनी चैट में हत्या की बात स्वीकार की थी।

# पहलगाम हमले में अल उमर मुजाहिदीन संगठन ने की आतंकियों की मदद? एनआईए का दावा

नई दिल्ली, 5 मई (निस) पहलगाम आतंकी हमले की जांच ने अब नया मोड़ आ गया है। अभी तक सवाल उठ रहा था कि आतंकी वहां कैसे पहुंचे? कैसे इतनी आसानी से लोगों को मारकर कर वहां से निकल गए और वह किसी के पकड़ में नहीं आए। अब इस हमले की जांच कर रही एनआईए टीम ने




खुलासा करते हुए कहा है कि आतंकी संगठन अल उमर मुजाहिदीन के मुखिया मुश्ताक अहमद जरगर की इसमें भूमिका हो सकती है। बता दें उसके समर्थकों ने पहलगाम हमले के ओवर ग्राउंड वर्करों की मदद की थी। इस संगठन का मुखिया मुश्ताक अहमद जरगर कंधार हाईजैक के दौरान मसूद अजहर के साथ भारत सरकार द्वारा रिहा किया गया था। फिलहाल वह पाकिस्तान में है। इसका खुलासा सुरक्षा एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किए गए ओवरग्राउंड वर्करों से पूछताछ में हुआ। जरगर के आतंकी संगठन को भारत सरकार ने बैन कर रखा है। 2023 में उसके घर को नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने कुर्क किया था। मीडिया रिपोर्ट में एनआईए सूत्रों के मुताबिक बताया गया है कि जरगर पाकिस्तान में है, लेकिन श्रीनगर का होने के नाते ओवर ग्राउंड वर्करों के समर्थकों में उसकी बड़ी पकड़ है।

# हरियाणा सरकार ने आगजनी की घटनाओं से हुए फसलों के नुकसान को लेकर मुआवजा राशि जारी की


## सैनी सरकार द्वारा दयालु योजना के 2286 लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर की 86.93 करोड़ रुपये की राशि



चंडीगढ़, 5 मई (अमृतपाल सिंह) हरियाणा सरकार ने किसान कल्याण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एक बार फिर किसान हित में कदम उठाते हुए प्रदेशभर में गत दिनों हुई आगजनी की घटनाओं के कारण फसलों के नुकसान को लेकर किसानों को मुआवजा राशि जारी की। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के 17 जिलों (अंबाला, मेवात, पलवल, फरीदाबाद और पंचकूला को छोड़कर) के 151 किसानों के खातों में लगभग 324 एकड़ क्षेत्र के लिए लगभग 86.96 लाख रुपये जारी किए। यह राशि समानुपात रूप से राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर यह भी बताया कि जिन किसानों की फसल आगजनी से जली है उनको सरकार द्वारा अगली फसल की बुवाई के लिए खाद और बीज मुफ्त दिए जाएंगे।हरियाणा के इतिहास में पहली बार फसलों में हुई आगजनी का मुआवजा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा भी दिया जा रहा है। ऐसे में किसानों को सामान्य तौर पर मिलने वाले मुआवजे से इस बार डबल मिल रहा है।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा किसान के उत्थान और उसके हित में कार्य कर रही है। किसान हमारे अन्नदाता है और उन्हें किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों खेतों में बड़ी संख्या में आग की घटनाओं के कारण राज्य में 2025 सीजन की रबी फसल को हुए नुकसान की सूचना मिली। इसे देखते हुए हमारी सरकार ने संबंधित किसानों से नुकसान के दावे प्राप्त करने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने का निर्णय लिया।

**दयालु योजना का लाभ**-हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की हर गरीब परिवार को सामाजिक व आर्थिक रूप से उन्नत बनाने की सोच है। इसके लिए मुख्यमंत्री न सिर्फ निरंतर जन कल्याणकारी योजनाएं बना रहे हैं बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर भी पूरा कर रहे हैं। यही नहीं मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वयं डीबीटी के माध्यम से राशि पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अंत्योदय परिवारों में परिवार के कमाने वाले मुखिया की दुर्घटना में मौत हो जाने पर उन्हें ढांढस बंधाने व परिवार को आर्थिक मदद देने के लिए हरियाणा सरकार ने 1 अप्रैल 2023 से दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत अब तक 28644 लाभार्थियों को एनपीसीआई के माध्यम से डिजिटल रूप से उनके आधार से जुड़े बैंक खाते के माध्यम से 1076.275 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता पहले ही भेजी जा चुकी है।देश में अपनी तरह की हरियाणा की इस अनूठी योजना के तहत 6 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष तक के व्यक्ति की दुर्घटना में या अकाल मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसमें 6 से 12 वर्ष तक की आयु के बच्चे की मृत्यु होने पर परिवार को 1 लाख रुपये, 12 से 18 वर्ष की आयु तक के किशोर की मौत होने पर 2 लाख रुपये, 18 से 25 आयु तक के युवक की मौत होने पर 3 लाख रुपये, 25 से 50 आयु तक के (जो आमतौर पर परिवार का मुखिया होता है और कमाने वाला होता है) व्यक्ति की मौत होने पर 5 लाख रुपये तथा 45 से 60 वर्ष की आयु तक के व्यक्ति की मृत्यु होने पर परिवार को 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है।

# भारत विरोधी गतिविधियां जारी रहीं तो पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देंगे-अनुराग ठाकुर



शिमला 5 मई (निस) पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को पाकिस्तान पर सीमा पर अशांति फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत विरोधी गतिविधियां जारी रखता है, तो उसे पूरी तरह मिटा दिया जाएगा। पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए आतंकी हमले के विरोध में पार्टी की ओर से यहां गांधी चौक पर आयोजित एक जिला स्तरीय रैली को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि उचित समय पर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाएगा। हमीरपुर से मौजूदा सांसद ठाकुर ने कहा, अगर पाकिस्तान भारत विरोधी हरकतें करता रहेगा, तो उसे विश्व की राज्य व्यवस्था से पूरी तरह मिट जाएगा। शिमला में भाजपा नेताओं ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा और राज्य में कानूनी या अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की तत्काल पहचान कर उन्हें वापस उनके देश भेजने की मांग की। इसके अलावा लोअर बाजार क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए मार्च भी निकाला। हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि राज्य में पाकिस्तानियों को नहीं रखा जा सकता। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 17 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए गए हैं। बिंदल ने कहा कि अगर राज्य सरकार पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस नहीं भेजती, तो भाजपा जल्द ही एक %जागरण अभियान चलाएगी। रैली को संबोधित करते हुए ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि जहां एक ओर केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक कदम उठाते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की प्रक्रिया तेज कर दी है, वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस विषय पर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि एक ओर कांग्रेस सरकार केंद्र के फैसलों का समर्थन करती है, वहीं दूसरी ओर इसके कुछ नेता अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। पार्टी की ओर से कुल्लू, ऊना, लाहौल-स्पीति और अन्य स्थानों पर भी प्रदर्शन आयोजित किए गए।

# सम्पादकीय

## चीन और पाकिस्तान के बीच गुप्त रक्षा संधि?

बुल्गारिया की रक्षा वेबसाइट मिल्ट्री.कॉम की ताजा रिपोर्ट ने भारत की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और पाकिस्तान के बीच एक गुप्त समझौते पर बातचीत चल रही है। इस समझौते के तहत चीन, पाकिस्तान को रूस निर्मित एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की तकनीकी जानकारी देगा। यह वही एस-400 प्रणाली है। जिसे भारत ने रूस से 5.43 अरब डॉलर में खरीदा था। भारत ने इस तकनीकी से निर्मित विमान एवं सुरक्षा उपकरण चीन तथा पाकिस्तान की सीमा सुरक्षा एवं चुनौतियों से निपटने के लिए तैनात किया है। चीन को भी रूस नेएस-400 एयर डिफेंस दिया है। अगर यह जानकारी चीन द्वारा पाकिस्तान को लीक होती है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान की वायु सेना मजबूत हो जाएगी। भारतीय वायु सेना का सुरक्षा कवच कमजोर हो जायेगा। पाकिस्तान बरावरी के मुकाबले में आकर भारत के सामने खड़ा हो जाएगा। चीन पहले से स्-400 का उपयोग कर रहा है। चीन और भारत एस 400 की बेहतरी और कमजोरियों से भली-भांति परिचित हैं। यदि चीन ने पाकिस्तान को इसकी रडार फ्रीक्वेंसी, ब्लाइंड स्पॉट और जामिंग तकनीक की जानकारी दे दी, तो भारत के सैन्य मिशनों और रणनीतिक संतुलन के लिए भारत के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। यह मुद्दा केवल सैन्य नहीं, बल्कि कूटनीतिक और आर्थिक रूप से भारत के लिए कई चुनौतियों को खड़ा करेगा। भारत रूस का परंपरागत सहयोगी रहा है। वर्तमान स्थिति में रुस, अमेरिका चीन और पश्चिमी देशों की ओर झुक रहा है। वर्तमान में चीन का झुकाव भी पाकिस्तान की ओर बढ़ा है। भारत की सीमा चीन और पाकिस्तान से लगी हुई है। ऐसी स्थिति में चीन संतुलन बनाए रखने के लिए पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मजबूत बनाने का जो काम कर रहा है। वह भारतीय हितों को बुरी तरह से प्रभावित करने वाला है। रूस ने एस 400 को लेकर भारत के साथ किये गये समझौते की अनदेखी की, तो भारत की रक्षा नीति को गहरा आघात लगेगा। वैश्विक हथियार नीति के 'एंड यूजर एग्रीमेंट' पर सवाल खड़े होंगे। वर्तमान स्थिति में जिस तरह की हालत देखने को मिल रही है। उसमें एग्रीमेंट का कोई बहुत ज्यादा महत्व नहीं रहा। सारी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अपना वजूद खो चुकी हैं। भारत सरकार को इस रिपोर्ट की गंभीरता को समझना होगा। चीन पाकिस्तान के साथ रक्षा और एस 400 को लेकर यदि कोई समझौता करता है।ऐसी स्थिति में भारत को रूस से औपचारिक आपत्ति और कूटनीतिक दबाव बनाकर एस-400 की गोपनीयता सुनिश्चित करने का दबाव बनाना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो भारत के अरबों डॉलर खर्च करके जो सैन्य उपकरण खरीदे है। वह सुरक्षा व्यवस्था बेमानी साबित हो सकती है। रक्षा मामलों में चीन से भारत बहुत पीछे हैं यदि पाकिस्तान जैसे देश चीन को सहायता से रक्षा मामलों में हमारी बराबरी में आकर खड़े हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में भारत को जो चुनौतियां मिलेगी, उनकी कल्पना कर पाना आज की स्थिति में संभव नहीं है। भारत के विदेश मंत्री पहले ही कह चुके हैं।चीन आर्थिक और सैन्य क्षेत्र में भारत से बहुत आगे है। हम उसका मुकाबला नहीं कर सकते हैं। यदि चीन गुप्त रूप से पाकिस्तान की मदद कर रहा है। ऐसी स्थिति में सबसे ज्यादा परेशानी भारत को होगी। भारत के मुकाबले चीन अपने आप को बहुत समर्थ बनाना चाहता है। वैश्विक व्यापार तथा सैन्य शक्ति में वह दुनिया के देशों में सबसे अग्रणी रहे। इसके लिए चीन की प्रतिस्पर्धा भारत के साथ हमेशा बनी रहेगी। चीन दुनिया के साम्राज्य का प्रभाव अपने वश में रखना चाहता है। भारत भी दुनिया का विश्व गुरु बनना चाहता है। चीन पीठ के पीछे से वार करने और अपनी विस्तार नीति के लिए पहचाना जाता है। ऐसी स्थिति में भारत को बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। जिस तरह की स्थिति वर्तमान में देखने को मिल रही है, उससे भारत की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। भारत सरकार को बहुत गंभीरता के सात चिंतन मनन करते हुए वर्तमान स्थिति में अपने आप को चुनोतियों से बचाते हुए आगे बढ़ाने के मार्ग को खोजना होगा। जिस तरह 1962 में हिंदी चीनी भाई-भाई के रूप में चीन ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और भारत के साथ विश्वासघात किया था। वही हालात अब एक बार फिर देखने को मिल रहे हैं। इसलिए भारत को इतिहास से भी सबक लेने की जरूरत है।

## अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक ?सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है। कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है। प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है।

# तीसरा युद्धक्षेत्र : जब देश का दुश्मन भीतर ही छिपा हो

– डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत आज दो नहीं, तीन मोर्चों पर जूझ रहा है—बाहरी आतंक, सीमापार दुश्मन और भीतर छिपा 'आधा मोर्चा'। पहलगाम आतंकी हमले ने जहां सुरक्षा पर सवाल उठाए, वहीं पंजाब-हरियाणा जल विवाद ने संघीय व्यवस्था को झकझोर दिया। देश की एकता को विचारधारात्मक साज़िशों से चुनौती मिल रही है, जिनमें कुछ राजनीतिक और बौद्धिक समूह शामिल हैं। अब आवश्यकता है स्पष्ट नेतृत्व, मजबूत केंद्र-राज्य संवाद और वैचारिक राष्ट्रविरोधियों की पहचान की। यह लड़ाई सिर्फ़ सरहद की नहीं, आत्मा की भी है—भारत को जोड़ने और बचाने की। भारत के संवेदनशील भूगोल और जटिल समाजशास्त्र ने उसे हमेशा दोतरफा संघर्ष की ज़मीन बना रखा है—एक तरफ़ सीमाओं के पार के शत्रु, और दूसरी तरफ़ सीमाओं के भीतर के विचारात्मक विष। पर अब वह समय आ गया है जब यह द्विध्रुवीय युद्ध त्रिध्रुवीय हो चुका है। अब लड़ाई सिर्फ़ पाकिस्तान और चीन से नहीं, उस 'आधे मोर्चे' से भी है जो देश की एकता को अंदर से खोखला कर रहा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले, भारत-पाक तनाव और उसी दौरान पंजाब-हरियाणा के बीच नंगल बांध को लेकर उपजा ताज़ा विवाद इस बात के साक्ष्य हैं कि देश बाहरी नहीं, अब आंतरिक साजिशों से ज़्यादा असुरक्षित है।

**पहलगाम की त्रासदीः आतंक की खुली चुनौती**

20 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक निर्दोष हिंदू पर्यटक की आतंकियों द्वारा हत्या देश के ज़ख्मों को फिर से हरा कर गई। यह हमला उस सोच की उपज है जो साजिशों की फ़सल को धर्म की खाद देकर उगाती है। आतंकवाद अब केवल सैन्य हमला नहीं रहा, यह एक मनोवैज्ञानिक युद्ध है जो डर, असुरक्षा और अस्थिरता फैलाने के लिए रचा गया है। मोदी सरकार के सुरक्षा दृष्टिकोण को लेकर भले ही आलोचना हो रही हो, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि आतंकवाद के विरुद्ध वर्तमान नीति, जो संयम और प्रतिशोध दोनों को संतुलित करती है, एक रणनीतिक सोच का हिस्सा है। सवाल यह नहीं है कि हमला क्यों हुआ, सवाल यह है कि उसके बाद भीतर के मोर्चे क्यों सक्रिय हो गए?

**बांध पर तालाः जब पानी भी राजनीति का मोहरा बना**

घटना के कुछ ही दिन बाद, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हरियाणा के हिस्से के पानी को रोकने का आदेश देते हुए नंगल बांध के नियंत्रण कक्ष पर पुलिस बल तैनात कर ताला जड़वा दिया। यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं था, बल्कि भारत की संघीय भावना के मुंह पर तमाचा था।



जब एक राज्य संकट की घड़ी में दूसरे राज्य से युद्ध छेड़ता है, तब वह भारत की संवैधानिक आत्मा को घायल करता है। पानी पर राजनीति कोई नई बात नहीं, पर जब यह विवाद राष्ट्रीय सुरक्षा और एकता के साए में हो, तब उसका रंग देशद्रोह के करीब लगने लगता है।

आधा मोर्चाः वैचारिक देशद्रोह का नया नाम-भारत के पहले सीडीएस जनरल विपिन रावत ने अपने समय में ढाई मोर्चे के युद्ध की बात कही थी — पाकिस्तान, चीन और देश के भीतर सक्रिय एक वैचारिक मोर्चा। यह 'आधा मोर्चा' किसी बंदूक या मिसाइल से नहीं लड़ता, यह कलम, कैमरा, कोर्ट, और कभी-कभी सत्ता के मंचों से देश की बुनियाद को हिला देने की चालें चलता है। भगवंत मान जैसे मुख्यमंत्रियों या अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं की राजनीति जब बार-बार भारत की अस्मिता के विरुद्ध खड़ी दिखे, तब यह संदेह बनता नहीं, प्रमाण बन जाता है कि यह आधा मोर्चा देश के भीतर से ही भारतविरोधी ताकतों को ऑक्सीजन दे रहा है।

पानी से ज़्यादा भरोसा लीक हो रहा है-यह सवाल नहीं रह गया कि पंजाब हरियाणा को पानी देगा या नहीं। असल सवाल यह है कि क्या संकट की घड़ी में भारत का एक राज्य दूसरे के साथ इस हद तक टकरा सकता है? क्या यह वो भारत है जिसे आज़ाद भारत के शिल्पियों ने अपने स्वप्नों में देखा था? या यह वो भारत है जहाँ नदियों से ज़्यादा राजनीति बह रही है?नंगल डैम का ताला भारत की संघीय राजनीति का सिंबल बन चुका है — एक ऐसा सिंबल जिसमें विश्वास रिस रहा है, और उस रिसाव से भारत के लोकतांत्रिक ताने-बाने में दरारें उभर रही हैं।

**जनता के धैर्य की परीक्षाः मोदी के नेतृत्व की कसौटी**

आज देश दो तरफ़ से फंसा है — एक तरफ़ आतंक का हमला, दूसरी तरफ़ अंदरूनी साजिशों की उफान। ऐसे समय में जनता की नज़रें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर उठती हैं। यह राजनीतिक नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक विश्वास है कि जब देश बिखरने लगे, तब मोदी जैसे नेतृत्वकर्ता उसे फिर से जोड़ सकते हैं। यह भी सच है कि मोदी विरोध अब तर्क से नहीं, भाव से भरा हुआ है। कई बार ऐसा लगता है कि जो मोदी विरोध कर रहे हैं, वे असल में भारत के आत्मबल को ही चुनौती दे रहे हैं।

संघीय व्यवस्था पर वैचारिक हमला पंजाब और हरियाणा का पानी विवाद केवल जल विवाद नहीं, यह भारतीय संघीय व्यवस्था पर वैचारिक हमला है। यह वह विमर्श है जो देश के भीतर से उसे अलग-अलग टुकड़ों में बांटने की कोशिश करता है — भाषा के नाम पर, धर्म के नाम पर, और अब पानी के नाम पर।- जो नेता संकट के समय भी सहमति की नहीं, टकराव की राजनीति करते हैं, वे जाने-अनजाने में उस तीसरे मोर्चे के सैनिक बन जाते हैं जो भारत को विश्वगुरु नहीं, विखंडित राष्ट्र बनते देखना चाहता है। मीडिया और बुद्धिजीवी वर्ग की चुप्पीः आधा मोर्चा यहीं छिपा है जो तबका CAA-NRC पर सड़कों पर उतर आता था, वह आज नंगल बांध पर चुप क्यों है? क्या पानी पर ताला लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय नहीं? क्या यह संविधान का उल्लंघन नहीं? दरअसल, यही वो आधा मोर्चा है जो कभी स्टूडेंट्स के नाम पर, कभी किसानों के नाम पर, और कभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर, देश को बांटने वाले विमर्श को वैधता देने का काम करता है। यह वर्ग सत्ता नहीं चाहता, सत्ता को अस्थिर चाहता है।

देश की आत्माः आम आदमी की नज़र-आज देश की आत्मा उस आम आदमी में बसती है जो न तो दिल्ली में बैठा नीति निर्माता है, न ही ट्विटर पर ट्रेंड चलाने वाला सक्रियतावादी। वह किसान, मजदूर, छोटा दुकानदार, सैनिक का बेटा या एक रिटायर्ड अध्यापक है — जो देश को टूटता नहीं देख सकता। उसे न कोई धर्म विशेष चाहिए, न जाति विशेष का गौरव। उसे चाहिए एकजुट भारत, जहां न आतंक हो, न बांध पर ताले, और न ही भीतर छिपे दुश्मन।

आगे क्या? समाधान या टकराव?

1. संघीय संवाद का पुनर्निर्माण जरूरी है — राज्यों के बीच टकराव केंद्र सरकार को तत्परता से सुलझाने चाहिए।
2. 'आधा मोर्चा' की पहचान जरूरी है — वैचारिक देशद्रोहियों को वैधानिक व सामाजिक बहिष्कार का सामना करना चाहिए।
3. देशभक्ति का पुनर्पाठ जरूरी है — जो सत्ता में है, उसे भी और जो सड़क पर है, उसे भी।

यह सिर्फ़ जल विवाद नहीं, यह राष्ट्रभाव की चुनौती है

भारत आज केवल बाहरी ताक़तों से नहीं, अंदरूनी 'आधा मोर्चा' से जूझ रहा है।

पहलगाम का आतंकी हमला जहाँ सीमा पार से आया ज़ख़्म है, वहीं पंजाब-हरियाणा जल विवाद उस चुभती हुई फांस की तरह है जो भीतर ही भीतर लहू रिसा रही है।

जरूरत है सतर्कता की, एकजुटता की और उस मानसिकता को नकारने की जो देश की नींव को संदेह और संकीर्णता से भर रही है।

# अंततः देश में जाति जनगणनाः समाज के फिर विभाजित होने की आशंका

– प्रियंका सौरभ

भारत में दशकों से केवल अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती होती रही है, जबकि अन्य जातियाँ नीति निर्माण में अदृश्य रहीं। जाति जनगणना केवल गिनती नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की नींव है। बिना सटीक आंकड़ों के आरक्षण, योजनाएं और संसाधन वितरण अधूरे रहेंगे। विरोध करने वालों को डर है कि उनके विशेषाधिकार चुनौती में पड़ सकते हैं। लेकिन यह गिनती वंचितों की दृश्यता और भागीदारी सुनिश्चित करने का औज़ार है, न कि समाज को तोड़ने का। जब नीति जाति पर आधारित हो, तो डेटा भी होना चाहिए। भारत को जातियों में बाँटा गया, लेकिन उसे जोड़ने की कोशिश कभी पूरी ईमानदारी से नहीं हुई। संविधान ने सबको समानता का अधिकार दिया, मगर समान अवसर की नींव जातिगत असमानता को पहचानने पर ही टिकती है। इसी बुनियाद पर जब आज जाति जनगणना की मांग ज़ोर पकड़ रही है, तो सवाल खड़ा होता है — क्या यह सामाजिक न्याय का औज़ार है या समाज को और अधिक खांचों में बाँटने की कवायद?

भारत में पिछली बार व्यापक जातिगत जनगणना 1931 में हुई थी। उसके बाद, आज़ादी के बाद के राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में एक आदर्श सामने रखा गया — 'जातिविहीन समाज'। इस आदर्श का आकर्षण था, पर व्यवहार में यह एक तरह की चुप्पी थी। 1951 से लेकर 2011 तक हर जनगणना में केवल अनुसूचित जाति (स्ष्ट) और अनुसूचित जनजाति (स्ञ्ज) की गिनती होती रही, बाकी जातियाँ 'अदृश्य' रहीं। लेकिन अगर नीति आरक्षण आधारित हो, योजनाएं वर्गों के लिए हों, तो आंकड़े क्यों न हों? क्या यह संभव है कि बिना जानकारी के न्यायपूर्ण वितरण हो?



बिहार की जाति आधारित सर्वेक्षण ने एक नई लहर पैदा की। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की पहल ने अन्य राज्यों को भी सोचने पर मजबूर किया। एक ओर जातिगत गणना को सामाजिक न्याय की बुनियाद बताया गया, तो दूसरी ओर कुछ वर्गों ने इसे सामाजिक विभाजन का उपकरण कहा। कई राजनीतिक दल इस मांग को समर्थन दे रहे हैं, खासकर वे जिनकी राजनीति वंचित तबकों पर आधारित है। लेकिन केंद्र सरकार की भूमिका झिझकभरी रही है। केंद्र का कहना है कि यह बेहद जटिल प्रक्रिया है और इससे सामाजिक तनाव पैदा हो सकते हैं।

जाति जनगणना के समर्थन में कई मजबूत तर्क दिए जा रहे हैं। अगर हम यह नहीं जानते कि कौन-सी जातियाँ किस आर्थिक व सामाजिक स्थिति में हैं, तो योजनाएं महज अंदाज़ों पर चलती रहेंगी। आरक्षण का पुनर्मूल्यांकन करना हो या सामाजिक योजनाओं का लक्ष्य तय करना हो, सटीक आंकड़ों की आवश्यकता है। अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या कई राज्यों में 40-50 प्रतिशत तक मानी जाती है, जबकि उन्हें 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। यदि सही आंकड़े हों तो नीति ज्यादा न्यायसंगत हो सकती है।

विरोध करने वालों की मुख्य दलील यह है कि जाति जनगणना समाज में जातीय पहचान को और मजबूत करेगी। इससे सामाजिक एकता को खतरा होगा और राजनीतिक दल केवल जाति कार्ड खेलकर वोट बटोरने लगेंगे। कुछ वर्गों को डर है कि अगर सही आंकड़े सामने आ गए, तो उनका 'निहित अधिकार' छिन सकता है — जैसे सवर्ण वर्गों को लगता है कि ओबीसी या दलितों की संख्या के अनुपात में अगर आरक्षण बढ़ा, तो उनके लिए मौके और कम हो जाएंगे। जब बिहार ने अपना जातिगत सर्वेक्षण कराया, तो केंद्र सरकार ने उससे दूरी बनाए रखी। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी मांग उठी, लेकिन सर्वसम्मति नहीं बन सकी। कई बार यह तर्क दिया गया कि यह विषय केंद्र के अधिकार क्षेत्र में आता है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर ही किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में जाति आधारित जनगणना पर सीधे रोक नहीं लगाई, लेकिन कहा कि यह नीति का विषय है और सरकारें अपने विवेक से निर्णय लें। वंचित समुदायों के लिए जाति जनगणना केवल गिनती नहीं है, यह उनकी दृश्यता का सवाल है। अगर समाज में कोई वर्ग आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से पिछड़ा है, तो सबसे पहले यह जानना ज़रूरी है कि वह है कहां? कितना है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था — यदि आपको सुधार करना है, तो पहले तथ्यों को जानिए। जातिगत आंकड़े भी ऐसे ही तथ्य हैं। यह आंकड़े केवल आरक्षण तय करने के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वरोजगार जैसी नीतियों के लिए जरूरी हैं।

आश्चर्य की बात है कि जाति जनगणना जैसे गहन विषय पर मुख्यधारा मीडिया में गंभीर बहस कम होती है। जो बौद्धिक वर्ग खुद को प्रगतिशील मानता है, वह या तो इसे 'रिग्रेसिव' बताकर खारिज कर देता है या चुप रहता है। दरअसल, समस्या यह नहीं कि जाति की गिनती हो रही है। समस्या यह है कि जिन्हें अपने 'विशेषाधिकार' की चिंता है, वे इस गिनती से असहज हैं।

अब सबसे बड़ा सवाल — मान लीजिए कि जाति जनगणना होती है और सभी जातियों के आंकड़े सामने आते हैं। तब क्या होगा? क्या सरकारें इन आंकड़ों के आधार पर आरक्षण नीति में बदलाव करेंगी? क्या यह संभव होगा कि किसी जाति की संख्या ज़्यादा निकलने पर उन्हें ज़्यादा हिस्सेदारी दी जाए? या फिर आंकड़ों को दबा दिया जाएगा, जैसा 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना के साथ हुआ? 2011 में हुई जनगणना के आंकड़े आज भी सार्वजनिक रूप से अधूरे हैं। सरकारें आती गईं, लेकिन किसी ने इसे पूरी पारदर्शिता से नहीं जारी किया।

जाति एक सामाजिक सच्चाई है, जिसे नज़रअंदाज़ करना संभव नहीं। जो सत्ताएं जातिविहीन समाज की बात करती हैं, वे चुनावी टिकट देने, मंत्रिमंडल गठन, और अफसरों की नियुक्ति में जाति ही देखती हैं — तो फिर आंकड़ों से डर क्यों? जाति जनगणना न सामाजिक टूटन लाएगी, न समाज की बुनियाद को कमजोर करेगी — बशर्ते इसका उपयोग न्यायपूर्ण नीति निर्माण के लिए हो। डर उन्हें है जिनके पास पहले से ही ज़्यादा है। जो वंचित हैं, वे तो सिर्फ अपनी मौजूदगी की पुष्टि चाहते हैं। आख़िर यह देश सभी जातियों का है — तो सभी की गिनती क्यों नहीं?

# तुष्टिकरण की नीति या सामंतवाद का नशा आखिर कब उतरेगा

-राकेश अचल

मप्र में शायद सब कुछ ठीक ठाक चल रहा है। यानि अमन है, चैन है। तभी तो मप्र सरकार की कैबिनेट बैठक इस बार भोपाल के बजाय इंदौर में आयोजित की गई है।सरकार रानी अहिल्या बाई के प्रति अपने सम्मान का मुजाहिरा करना चाहती है। रानी की 300वीं जयंती 20 मई को है। भोपाल से बाहर मंत्रिमंडल की बैठकों की रिवायत नयी नहीं है। राजा, महाराजा, ननबाब और अंग्रेज ये शौक फरमाते रहे हैं। चुनी हुई लोकतान्त्रिक सरकारों ने भी इस रिवायत को छोडा नहीं है। ग्वालियर रियासत में राजधानी गर्मियों में ग्वालियर से हटकर शिवपुरी ले जाई जाती थी। भोपाल वाले पचमढी की शरण लेते थे। इस तरह सचल कैबिनेट के तमाम किस्से हैं। लेकिन मोहन यादव सरकार की कैबिनेट बैठक इंदौर में होना अलग बात है। बैठकें राजधानी भोपाल में हों या बाहर कोई खास फर्क नहीं पडता। थोडा बहुत वित्तीय बोझ पडता है तो सुशासन के नाम पर उसे झेलना जनता की जिम्मेदारी है। सवाल ये है कि रानी अहिल्या बाई के सम्मान की फिक्र अचानक क्यों करने लगी सरकार। कल को ग्वालियर वाले महाराज कहेंगे कि बैजाबाई के सम्मान में बैठक ग्वालियर करो तो जाना पडेगा। परसों रानी दुर्गावती के सम्मान का मुद्दा खडा हो सकता है। लेकिन भविष्य की फिक्र कौन करता है। सबको आज की फिक्र है। आज रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती का मामला है। कैबिनेट का स्थान, समय बदलने से कैबिनेट का चरित्र नहीं बदल सकता। कैबिनेट सामंतों के सम्मान में जो करे सो कम है क्योंकि आज भी सत्ता प्रतिषकी मानसिकता पर होल्करों और सिंधियाओं का असर है। सामंतवाद का नशा उतरने में बहुत वक्त लेता है। फिर यदि सामंत सत्ता प्रतिष्ठान का अभिन्न अंग हों तो इह विषय पर बहस ही बेमानी है। मै किसी का दिल नहीं दुखाना चाहता। किसी के सम्मान में गुस्ताखी नहीं करनाक् चाहता किंतु जानना चाहता हूँ कि सूबे के वजीरेआला खुद 31दिन में से कितने दिन सचिवालय में अपने कार्यालय में बैठे? माननीय डॉ मोहन यादव का पांव भोपाल में टिकता ही कहां है। वे सबसे ज्यादा सचल मुख्यमंत्री हैं। उमा भारती, बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान से भी ज्यादा सचल मुख्यमंत्री हैं।उनका एक पांव हैलीकाप्टर में तो दूसरा हवाई जहाज में रहता है। खबर है कि यह बैठक इंदौर के ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के राजबाड़ा परिसर में होगी। सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की प्रतीक देवी अहिल्याबाई के सम्मान में यह बैठक मुख्यमंत्री डॉ।मोहन यादव की मंशा के अनुरूप आयोजित की जा रही है। बैठक की प्रशासनिक तैयारियाँ प्रारंभ हो गयी हैं। कलेक्टर आशीष सिंह सब काम छोडकर कैबिनेट बैठक की तैयरियों में लगे है।कलेक्टर सिंह ने बैठक के दौरान आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं-मंत्रीगणों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आवास, परिवहन, यातायात, बैठक स्थल की तैयारी और भोजन आदि की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय पर और आयोजन की गरिमा के अनुरूप पूरी की जाएं ताकि किसी भी अतिथि को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। प्रशासन ने राजबाड़ा को भव्य रूप से सजाने, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने और शहर में यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। यह आयोजन न केवल देवी अहिल्याबाई के योगदान को श्रद्धांजलि है, बल्कि इंदौर के सांस्कृतिक गौरव को भी रेखांकित करेगा। मै इस बैठक के रत्तीभर खिलाफ नहीं हूं, क्योंकि मुझे पता है कि बीन कहाँ बजाना चाहिए और कहां नहीं।इस बैठक से इंदौर का, अहिल्या बाई का कुछ भला हो तो जरूर हो लेकिन सूबे के दूसरे अंचलैं की उपेक्षा भी नहीं की जाना चाहिए। विकास समेकित हो,, बैठक भले ही आप श्रीनगर में कर लीजिये, कोई फर्क नहीं पडने वाला।पिछले 16महीने में प्रशासन के कामकाज पर अभी तक डॉ मोहन यादल की छाप नजर नहीं आ रही। उनकी पुलिस का इकबाल खत्म हो रहा है। पुलिस थाने में पिट रही है। पुलिस कमिश्नर प्रणाली से चल रहे भोपाल और इंदौर में लव जिहाद चल रहा है, किंतु कहीं, कोई हलचल नहीं।विकास की दौड मेहर मुख्यमंत्री इंदौर पर दांव लगाता आया है। कांग्रेस के राज में भी यही दशा थी, भाजपा के राज में भी यही सब चल रहा है। ग्वालियर और जबलपुर की चिंता किसी को नहीं है। भोपाल राजधानी होने की वजह से विकसित हो ही रहा है।

# स्वच्छ पर्यावरण ही हमारी सेहत की गारंटी : विक्रम राणा

*बोले : जन्मदिन पर जरूर लगाएं अपने नाम का एक पौधा, करें देखरेख*



**तरावड़ी, 5 मई ( छाया शर्मा ):** जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि विक्रम राणा ने कहा कि हर व्यक्ति जन्मदिन पर अपने नाम का एक पौधा अवश्य लगाएं। उसकी देखरखे करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण ही हमारी सेहत की गारंटी है। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि विक्रम राणा शनिवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पधाना में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ा रहे थे। उन्होंने कहा कि आज वायु के साथ ही पानी और मिट्टी भी प्रदूषित होती जा रही है। इससे सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले जब कोरोना आया था, तब कोरोना संकट ने भी हमें ऑक्सीजन व पर्यावरण के प्रति सचेत किया था। हमें खुद के लिए पर्यावरण को सहेजना होगा। विक्रम राणा ने कहा कि व्यक्ति को जीवन जीने के लिए शुद्ध हवा चाहिए। इसके लिए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। व्यक्ति अपना जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ मनाने के लिए काफी बड़े बड़े कार्यक्रम करता है, ऐसे अवसरों पर हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाकर भविष्य के लिए आक्सीजन सुरक्षित करने में योगदान देना होगा। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि विक्रम राणा ने स्कूल स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर स्कूल के आसपास पौधे भी लगाए। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य व बच्चे मौजूद रहे।

# डब्ल्यूएचओ को मलेरिया-फ्री जिला के लिए नेशनल सर्टिफिकेशन का आवेदन करने वाला कुरुक्षेत्र होगा प्रदेश का पहला जिला : सोनू भट्ट

**कुरुक्षेत्र, 5 मई ( सुदेश कुमार ) :** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि डब्ल्यूएचओ को मलेरिया-फ्री जिला के लिए नेशनल सर्टिफिकेशन का आवेदन करने वाला कुरुक्षेत्र प्रदेश का पहला जिला होगा। प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से जिला में वर्ष 2021 से अब तक मलेरिया का कोई केस सामने नहीं आया है। जिसको देखते हुए इस बार डब्ल्यूएचओ को मलेरिया-फ्री जिला के लिए नेशनल सर्टिफिकेशन का आवेदन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मलेरिया की रोकथाम को लेकर किया जाने वाले कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से वर्ष




2030 तक पूरे देश से मलेरिया खत्म करने के लिए फरवरी 2016 से मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय फ्रेम वर्क शुरू किया था। जिसके तहत काम करते हुए जिला की टीम ने मलेरिया की रोकथाम के लिए काम किया और वर्ष 2021 के बाद मलेरिया का कोई केस नहीं आना दिया। केन्द्र सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र जिला को मलेरिया मुक्त घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि पुन: प्रयास और जोश के साथ हम दोबारा से मलेरिया को खत्म कर सकते हैं। गंदे पानी में पनपने वाले मलेरिया मादा एनाफलीज मच्छर के काटने से होता है। जिसके लक्षण बुखार होना, ठंड लगना, उल्टी आना और बदन दर्द होता है। ऐसे लक्षण पाने जाने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर इलाज लें ताकि मलेरिया की घटनाओं को शून्य बनाया रखा जाए।

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने शहरी निकाय विभाग को निर्देश दिए कि नगर परिषद और नगर पालिकाओं में समय रहते फोगिंग करवाई जाए। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी के रिसाव की मरम्मत का अभियान चलाया जाए। पीडब्ल्यूडी द्वारा जलभराव की स्थिति को खत्म किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों में बच्चों को बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाए। कमरे जालीदार हों। स्कूल स्तर तक हेल्थ का नोडल अधिकारी नियुक्त करना सुनिश्चित करे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ बीमारियों की रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को भेजें। जिला पंचायत एवं विकास विभाग हर ग्राम पंचायत में फोगिंग मशीन उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। जिला में 403 पंचायतों में से 280 के पास ही मशीनें उपलब्ध हैं। उन्होंने मत्स्य विभाग से गम्बूजिया मछली उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर सिविल सर्जन डा. सुखबीर, डीएमसी सतेन्द्र सिवाच, जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, महामारी विशेषज्ञ डा. बिन्दू राय सहित अन्य गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय में शुक्रवार और घरों में रविवार को चलाएं ड्राई-डे

सिविल सर्जन डा. सुखबीर ने कहा कि राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण के तहत मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जापानी एंसेफ्लाईटिस को लेकर रेपिड रिसपोंस टीम का जिला स्तर, सीएचसी स्तर और पीएचसी स्तर पर गठित की गई हैं। वर्ष 2024 में स्वास्थ्य विभाग ने लारवा मिलने पर 1240 घरों को नोटिस जारी किये गए। उन्होंने अपील की कि सभी कार्यालयों में शुक्रवार को ड्राई-डे मनाते हुए पानी को खड़ा होने से रोकें। इसी तरह घरों में रविवार को सफाई करते हुए फ्री, गमलों व अन्य बर्तनों से पानी को साफ करें और मच्छरों के सात दिनों के जीवन चक्र को तोड़ें। बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग ने माइक्रो प्लान तैयार किया है। फीवर मॉस सर्वे करवाया जा रहा है। डोर टू डोर सर्वे, जागरूकता शिविर, बाइक जागरूकता रैली, स्वास्थ्य कैंप और बैठकों का आयोजन किया गया।

# अवशेष प्रबंधन के तहत कृषि यंत्रों का पुन: भौतिक सत्यापन छह व सात मई को : डीडीए डा. बाबूलाल

**कैथल, 5 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल के उप निदेशक डा. बाबु लाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कृषि संबंधी अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिले में फसल अवशेष प्रबंधन के तहत कृषि यंत्रों का पुन: भौतिक सत्यापन छह व सात मई को किया जाएगा। किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन करने के लिए सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान राशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम 2024-25 के तहत 70 प्रतिशत अनुदान के लिए कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन 30 जनवरी, 2024 को हो गया था और जिनकी अनुदान राशि एक लाख से ज्यादा है, उन कृषि यंत्रों का 30 प्रतिशत अनुदान राशि के लिए स्कीम की दिशा-निर्देशानुसार पुन: भौतिक सत्यापन किया जाएगा। सहायक कृषि अभियंता कैथल इंजिनियर जगदीश चंद्र ने बताया कि बेलिंग मशीन व हे रेक का भौतिक सत्यापन छह मई को व सुपर सीडर मशीन का भौतिक सत्यापन सात मई को किया जाएगा। विदित रहे कि किसानों द्वारा चार अगस्त तक इन यंत्रों के लिए विभाग के पोर्टल पर आवेदन किया गया था और किसानों द्वारा यंत्र खरीद करके 30 सितंबर तक पोर्टल पर बिल भी अपलोड कर दिए गए थे। कृषि यंत्रों का दोबारा भौतिक सत्यापन डीसी की अध्यक्षता में गठित टीमों द्वारा सभी ब्लॉक की नई अनाज मंडियों में किया जाना है। संबंधित किसान समय पर अपने दस्तावेज पूरे करवा लें।

# मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिवस पर नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

*मनोहर लाल खट्टर के जीवन से हमें सादगी, जनसेवा के प्रति समर्पण और राष्ट्र निर्माण के लिए अटूट संकल्प की प्रेरणा मिलती है : पवन गर्ग*

**लाडवा, 5 मई ( रामगोपाल ) :** माननीय केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, लाडवा एवं इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा के संयुक्त तत्वावधान में यज्ञ तथा नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। हवन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय और कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग ने मुख्य यजमान के रूप में भाग लिया। उन्होंने आहूतियाँ अर्पित करते हुए खट्टर के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। यज्ञ का संचालन आर्य समाज, कुरुक्षेत्र के आचार्य मोहन लाल द्वारा मंत्रोच्चारण एवं विधिवत वैदिक पद्धति से संपन्न कराया गया।

हवन उपरांत आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर में सिविल अस्पताल लाडवा से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सेवा प्रदान की। टीम का नेतृत्व डॉ. कमलकांत मल्होत्रा पूर्व कैप्टन, दंत चिकित्सक एवं डॉ. वसुदेव बंसल, नेत्र विशेषज्ञ ने किया। इनके साथ डॉ. श्याम लाल, डॉ. कविता, डॉ. विनीत, ए.एन.एम. रानी और शीला देवी भी उपस्थित रहे। इस शिविर में सैकड़ों विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और सामान्य स्वास्थ्य, नेत्र, दंत तथा रक्तचाप आदि की जांच करवाई।



इस अवसर पर पवन गर्ग ने श्री मनोहर लाल खट्टर को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए हुए कहा कि खट्टर जी का सादगीपूर्ण जीवन, जनसेवा के प्रति समर्पण और देश के विकास के लिए अटूट संकल्प हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, समर्पण और सकारात्मकता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने भी यज्ञ में भाग लेकर आहुतियाँ अर्पित की और खट्टर जी की दीर्घायु की कामना की। वहीं, स्कूल के प्राचार्य नरेन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व के जन्मदिवस को जनसेवा के माध्यम से मनाना समाज को दिशा देने वाला कार्य है।

इस अवसर पर पवन गर्ग ने प्रबंधक समिति के सदस्यों नरेन्द्र सिंघल और स. जितेन्द्र सिंह गिल, निदेशक, हरियाणा बीज निगम, नरेन्द्र शर्मा और डॉ. कुशल पाल सहित डॉक्टर्स की टीम को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में विद्यालय एवं कॉलेज के शिक्षकों, स्थानीय गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के समाजोपयोगी कार्यक्रमों की निरंतरता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ के साथ विजय कुमार बंसल उपस्थित रहे।

# सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन का पारिवारिक सम्मेलन

**शाहाबाद मारकंडा, 5 मई ( रूबी ) :** सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक निजी होटल में प्रथम पारिवारिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पारिवारिक एकता और अंतर-पीढ़ी संवाद का एक अनूठा उदाहरण रहा।



एसोसिएशन अध्यक्ष चंद्र मोहन कोहली ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा अपने संबोधन में पारिवारिक मूल्यों की महत्ता और सामूहिक कल्याण की आवश्यकता पर बल दिया।

सम्मेलन की थीम हम एक परिवार पूरे कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई, जिससे एकता और अपनत्व की भावना को मजबूती मिली। इस अवसर की विशेष बात यह रही कि युवा पीढ़ी ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया और वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकर इस आयोजन को एक पारिवारिक उत्सव का रूप दे दिया। अमरनाथ शर्मा ने मंच का संचालन किया। एसोसिएशन की इस प्रथम पहल की सफलता के लिए चंद्र मोहन कोहली ने सभी परिवारों एवं सहभागियों का धन्यवाद किया। यह सम्मेलन इस बात का प्रतीक रहा कि जब पीढियाँ साथ आती हैं, तो परंपराएं जीवित रहती हैं और संबंध और अधिक सशक्त बनते हैं।

# रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा : तेजवीर

**निसिंग, 5 मई ( जोगिंद्र सिंह ) :** बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल में भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में 93 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्त देकर सफल बनाया। यह आयोजन चौधरी तेजवीर सिंह प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक के कुशल नेतृत्व, प्रेरणा एवं अध्यक्षता व प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल पाल की देखरेख में संपन्न हुआ।

प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पुनीत कार्यक्रम में कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस क्लब की संयुक्त का डॉ. मीनाक्षी,



स्वामी विवेकानंद यूथ सेल की संयुक्त का डॉ. पुष्पा, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया और नेशनल कैडेट कोर के लेफ्टिनेंट डॉ. अमित कुमार टाया के सक्रिय सहयोग और भागीदारी ने इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन इकाइयों ने शिविर के आयोजन, जनजागरूकता और प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान दिया। रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लेकर समाज सेवा की भावना को साकार किया। युवाओं के इस जोश ने यह सिद्ध कर दिया कि वे न केवल शिक्षा में अग्रणी हैं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी अग्रसर हैं। प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने इस रक्तदान शिविर के लिए पुंडरी हल्के के युवाओं को प्रेरित किया और उनको प्रोत्साहन के परिणाम स्वरुप यह आयोजन सफल हुआ।

इस अवसर पर चौधरी तेजवीर सिंह ने कहा, रक्तदान - मानवता की सच्ची सेवा है। यह दान किसी के जीवन को बचा सकता है और यही हमारे युवा वर्ग का सबसे बड़ा योगदान हो सकता है। उन्होंने मनोहर लाल के जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके समाजसेवी व्यक्तित्व की सराहना की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी कैथल व पानीपत से पहुंची अरोमा ब्लड टीम का धन्यवाद करते हुए सभी रक्तदाताओं, सहयोगी इकाइयों और आयोजन टीम का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सेवा, समर्पण और सामाजिक संवेदना के गुणों का विकास करते हैं। यह रक्तदान शिविर केवल स्वास्थ्य सेवा अभियान न होकर समाजिक चेतना और युवा शक्ति के संगठित योगदान का प्रतीक बन गया। चौधरी तेजवीर सिंह प्रधान प्रबंधन समिति एवं पूर्व विधायक ने सभी रक्तदाताओं को बधाई देते हुए उनके नेक एवं पुनीत योगदान की सराहना की।

# बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र, 5 मई ( सुदेश कुमार ) :** यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए एससी आप्रेशन सर्कल के चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक आज होगी। उन्होंने जारी एक प्रेस विज्ञिप्त में कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर-8 एसई ओपी सर्कल यूएचबीवीएन कुरुक्षेत्र में 6 मई को सुबह 11 बजे से लेकर सायं 1 बजे तक होगी। इस बैठक में बिजली सम्बन्धित वह समस्याएं सुनी जाएगी, जिनका एसडीओ सहित स्थानीय अधिकारियों से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के 2 वर्ष से पहले के केस बिजली चोरी संबंधी मुकदमे कोर्ट में लंबित है, सुनवाई दरबार में नहीं होगी। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि फोरम के समक्ष निर्धारित समय तक सेक्टर 8 विद्युत सदन में पहुंचकर बिजली संबंधी समस्याओं का शीघ्र निवारण करवाएं।

# राजनीति में रहते हुए मनोहर लाल संत की तरह जीवन जी रहे : विनोद भयाणा

**हांसी, 5 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** हरियाणा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर सोमवार स्थानीय बजरंग आश्रम में हवन यज्ञ व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विधायक विनोद भयाना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने हल्का भर पहुंचे सैकड़ो लोगों के साथ हवन यज्ञ में पूर्णाहुति डाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने की। भयाना ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश ने विकास के मामले में नए आयाम स्थापित किए। उनकी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने तथा अंतोदय की नीति की सराहना पूरे देश में हो रही है। उन्होंने कहा



कि बिना खर्ची-बिना खर्ची नौकरियां देने की नई रिवायत शुरू कर उन्होंने हरियाणा प्रदेश के युवाओं का न केवल दिल जीता बल्कि उनमें नए उत्साह का संचार करने का भी काम किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में रहते हुए श्री मनोहर लाल संत की तरह जीवन जी रहे हैं। उनका जीवन आज देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुका है।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर मनोहर लाल के स्वस्थ लंबे जीवन के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना भी की

***101 रक्तदाताओं ने रक्तदान रक्तदान कर मनोहर लाल को दिया जन्म दिवस का तोहफा***

शिविर में 101 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के बेहतरीन तोहफा दिया। विधायक विनोद भयाना ने रक्तदाताओं द्वारा समाज उत्थान में किए इस परोपकार के कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की और उन्हें सम्मानित किया। रक्त की यूनिट एकत्रित करने के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से डॉ रिचा के नेतृत्व में तथा एक टीम मंगलम लैब से रक्तदान शिविर पहुंची थी।

इस अवसर पर भाजपा नेता राजपाल यादव, विधायक के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भुटानी, भाजपा नेता राजेश ठकराल, भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, भाजपा अटल मंडल अध्यक्ष श्याम खाण्डा, प्रेम वर्मा, ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष, जगदीश भाटिया, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद सैनी, कृष्ण तनेजा, मदन पाहवा ,सीटू नागपाल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक ढालिया सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**पिहोवा, 5 मई ( विवेक ) :** मनोहर लाल के 71वें जन्मदिवस के अवसर पर उपमंडल पिहोवा के रामलीला भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्री ने बतौर मुख्यमंत्री शिरकत की तथा पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्री ने कहा कि मनोहर लाल का नाम प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्रियों में आता है। प्रदेश की राजनीति में युवा वर्ग के लिए बिना खर्ची पर्ची के रोजगार देना सबसे बड़ी उपलब्धियों में है। पहले के मुख्यमंत्री एक क्षेत्र तक सीमित रहते थे लेकिन मनोहर लाल ने प्रदेश के हर क्षेत्र में सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य किया। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल का नारा हरियाणा एक हरियाणवी



एक रहा है और वर्तमान में केंद्रीय मंत्री के तौर पर देश में कार्य कर रहे है। मीडिया सचिव ने कहा कि मनोहर लाल ने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं में सुधार कर हरियाणा में कई विकास कार्य करवाए हैं। उन विकास कार्यों का लाभ हरियाणा के प्रत्येक नागरिक को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले हरियाणा में विकास की गति न के बराबर थी और केवल सिफारिशों से कार्य होते थे। किंतु आज हरियाणा में योग्यता के आधार पर लोगों को नौकरियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल द्वारा कृषि क्षेत्र सहित कई अन्य क्षेत्रों में जनहित के लिए योजनाएं बनाई थीं, उनका आज लोगों को बेहद फायदा मिल रहा है। रक्तदान शिविर में भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी के सुपुत्र विंकल शर्मा ने कहा कि जन्मदिवस को रक्तदान शिविर के आयोजन के साथ मनाना एक अनोखा कार्य है। रक्तदान को महादान माना गया है, जो किसी जरुरतमंद की जान की रक्षा कर सकता है। इस मौके पर नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा सभी शहरवासियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में नगरपालिका पार्षदों, मीडियाकर्मियों, शहरवासियों तथा अन्य लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर कार्यक्रम में उप-प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पुरोहित, हानु चक्रपाणि, भाजपा नेता सतीश सैनी, कुलदीप शर्मा, पार्षद दीपक महंत, रविकांत शर्मा, गगन टांक, मुकुट शर्मा, अमन बिडलान, वानर सेवा दल सेवा समिति के सदस्य, ईश्वर अत्री, डा. संजीव, बारु शर्मा, लक्की शर्मा सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## संयुक्त कार्यालय परिसर में समाधान शिविर आयोजित



**हांसी, 5 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** संयुक्त कार्यालय परिसर में सोमवार और वीरवार को आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत आज के शिविर में नायब तहसीलदार दयाचंद ने आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए।

समाधान शिविर में कुल पांच प्रमुख शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर नायब तहसीलदार ने तत्काल संबंधित विभागों को समाधान के निर्देश दिए। शिविर के दौरान नायब तहसीलदार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का विधिवत रिकॉर्ड तैयार कर मेंटेन किया जाए, जिससे भविष्य में भी उसकी प्रगति और समाधान की समीक्षा की जा सके। शिकायतों के प्रति प्रशासन की गंभीरता से यह समाधान शिविर जनसेवा के महत्वपूर्ण माध्यम बनते जा रहे हैं। शिविर में नायब तहसीलदार दयाचंद ने भी विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य जनता की शिकायतों का समाधान कर उन्हें त्वरित राहत प्रदान करना है।

शिविर लगभग सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हथनीकुंड बैराज पर अन्य राज्यों से आने वाले गेहूं से लदे वाहनों को रोके जाने पर लगा लम्बा जाम

**जगाधरी, 5 मई ( रोहतास कुमार ) :** अन्य राज्यों से आने वाली गेहूं को हथिनीकुंड बैराज पर रोका गया जिसकी वजह से हथनी कुंड बैराज पर उत्तर प्रदेश की तरफ कई किलोमीटर तक गेहूं से लदे वाहनों की लंबी लाइन लग गई। यह सब तब हो रहा है जब गेहूं का सीजन अपने अंतिम पड़ाव की ओर है। इससे पहले हथनी कुंड बैराज पर अन्य राज्यों से आने वाले गेहूं को नहीं रोका गया। हालांकि खाद्य पूर्ति विभाग इस बात का दावा पहले ही कर चुका है कि 1 अप्रैल से अन्य राज्यों से आने वाले गेहूं को रोकने के लिए सीमाओं पर नाके लगाए गए थे। लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं हुआ क्योंकि हथिनीकुंड बैराज पर अन्य राज्यों से गेहूं लेकर आने वाले वाहनों की इतनी लंबी लाइन नहीं लगती। ये गेहूं से लदे वाहन अन्य पहले जा चुके गेहूं से लदे वाहनों के हरियाणा में जाने पर ही लगा है। यह जाम पहली बार नहीं लगा है। अन्य राज्यों से आने वाला अनाज छछरौली और प्रताप नारायण अनाज मंडी में निरंतर पूरा सीजन पहुंचता रहा। जब गेहूं का



सीजन अपने अंतिम पड़ाव की ओर है तो खाद्य पूर्ति विभाग द्वारा सीमाओं पर नाकों की पोजीशन सख्त कर दी गई। हालांकि देर सवेर हथिनीकुंड बैराज से आने वाला यह अनाज प्रताप नगर और छछरौली अनाज मंडी में पहुंच ही जाता है। अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों को रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग, एनफोर्समेंट, होमगार्ड की तैनाती की गई थी। अन्य राज्य से गेहूं के आने वाले इन वाहनों में अधिकतर वाहन व्यापारी वर्ग के शामिल रहते हैं। डबल डायरी ट्रैक्टर ट्राली में ऊंचे ऊंचे ढेर लगाकर इन नाकों से छछरौली और प्रताप नगर अनाज मंडी में पहुंचते हैं। अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों को रोके जाने पर स्थानीय आढ़ती काफी परेशान स्थिति में है। प्रताप नगर अनाज मंडी में आए अन्य राज्यों से वाहनों की लंबी कतारें इस बात को साफ जाहिर करती है कि संबंधित विभाग द्वारा अन्य राज्यों के गेहूं को रोकने के लिए लगाए गए नाके नाम मात्र दिखावा भर है।

## अप्रैल माह में शराब, मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी, अवैध असला रखने आदि के 54 मामलों में 52 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल, 5 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** पुलिस द्वारा जिला में अमन-चैन एवं कानून व्यवस्था कायम रखने के अतिरिक्त नागरिकों को नशे के दुष्परिणाम तथा साइबर अपराध से अवगत करवाने के लिए जागरूक करने सहित अपराधियों के खिलाफ उच्च मनोबल के साथ कर्तव्य पालन करते हुए माह अप्रैल के दौरान उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है।

शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी, अवैध असला रखने आदि के 54 मामलों में 82 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। एसपी आस्था मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल माह दौरान संपंती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 26 मामलों में 51 आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से 15 लाख 71 हजार 500 रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की गई है। गत माह के दौरान मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ विशेष मुहिम चलाकर एनडीपीएस एक्ट तहत 8 मामले दर्ज करके 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जिनके कब्जे से 34 किलो 469 ग्राम चूरा पोस्त, 18.63 ग्राम हेरोइन व 7 किलो 134 ग्राम गांजा सहित बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया गया। अप्रैल माह के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए 19 मामलों में 19 आरोपी गिरफ्तार किए गए है, जिनके कब्जे से 77.50 बोतल हथकढ़ी शराब, 150 बोतल देसी शराब तथा 1187 लीटर लाहन बरामद किया गया है। अवैध असला अमुनेशन रखने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 1 मामले में एक आरोपी को काबू करके 1 अवैध देशी कट्टा व 1 कारतूस बरामद किया गया।

## जिला स्तरीय सर्वेक्षक सम्मान समारोह हुआ आयोजित

### *करनाल को साक्षरता में नंबर एक बनाना ही मुख्य उद्देश्य : डी.ई.ओ सुदेश ठुकराल*



**करनाल, 5 मई ( संदीप रोहिला ) :** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा विभाग करनाल द्वारा बेहतर कार्य करने वाले अध्यापकों (सर्वेक्षकों) का जिला स्तरीय सामान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला उल्लास संयोजक अनिल सैनी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। अनिल सैनी ने बताया कि नव भारतीय साक्षरता मिशन कार्यक्रम के तहत अब तक सत्र 2024-25 में जिला करनाल में 29599 निरक्षक लोगों की पहचान करके इनको साक्षर बनाने का काम हमारे अध्यापकों तथा विटी के माध्यम से किया जा चुका हैं। सितंबर 2025 में होने वाली परीक्षा में जिला करनाल का लक्ष्य 55000 निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने इस साक्षरता मिशन कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भागीदारी करने वाले बी ई ओ, बी आर सी, सी आर सी, प्राचार्य एवं अध्यापकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल ने सभी अधिकारियों एवं अध्यापको को संबोधित करते हुए कहा की सभी अध्यापक ओर अधिक मेहनत करके जोश के साथ सितंबर 2025 में होने वाले परीक्षा के लिए 55000 हजार निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य पूरा करे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारी सर्वेक्षको की मेहनत का ही नतीजा है कि हमारा जिला पूरे हरियाणा में तीसरे स्थान पर हैं उन्होंने कहा कि नव भारत साक्षरता मिशन कार्यक्रम का लक्ष्य है किसी भी भाषा में समझ के साथ पढ़ लिख सके। उन्होंने कहा कि आज बदलते जमाने में तो डिजिटल साक्षरता का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है। इस अवसर पर डी ई ई सुदेश ठुकराल, डीईईओ रोहताश वर्मा, नोडल अधिकारी अनिल सैनी, जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा, दलीप सिंह, बी ई ओ सीमा मदान, गुरनाम सिंह, सतपाल बग्गा, बलजीत सिंह, धर्मपाल सिंह, प्राचार्य सुरेश सैनी, मीनाक्षी चौधरी, सुधीर अहलावत और रामनिवास सोलंकी, हंसराज, सुभाष, धर्मेंद्र चौधरी, अंशुल प्रवीण आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## संत महात्माओं के विश्राम के लिए भवन निर्माण का कार्य शुरू



**शाहाबाद मारकंडा, 5 मई ( रूबी ) :** जय श्री कृष्ण मंदिर मोहल्ला माजरी द्वारा संत निवास का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। जय श्री कृष्ण मंदिर के संचालक संत मुनि महानुभाव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि देश भर से बहुत से संत महात्मा और श्रद्धालुओं का यहां आना जाना लगा रहता है पर उनके ठहराव के लिए मंदिर में उचित जगह का प्रबंध नहीं था जिसको देखते हुए संत निवास का निर्माण करवाया जा रहा है। सहारनपुर से आए सन्त महानुभाव अनूप मुनि के सानिध्य में मुख्यातिथि सुभाष कलसाना ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का आरंभ करवाया। संत मुनि महानुभाव ने बताया कि अंबाला, सहारनपुर, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और शाहबाद से पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस उपलक्ष्य में जय श्री कृष्ण मंदिर में श्री कृष्णनाम संकीर्तन का आयोजन भी किया गया। सांवली मूर्ति मंदिर दिल्ली के प्रतिनिधि बॉबी सेठी, चंद्र गुलाटी, राजू अरोड़ा और जय श्री कृष्ण परिवार के मुनीश भाटिया, राजेश आनंद द्वारा किए संकीर्तन से वातावरण श्री कृष्णमय हो गया। मंदिर संचालक संत मुनि महानुभाव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

## एसोसिएशन ऑफ़ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा के खिलाड़ियों ने जयपुर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

### *28 स्वर्ण, 24 रजत व 23 कांस्य पदकों के साथ कुल 75 पदक जीतकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया*




**लाडवा, 5 मई ( रामगोपाल ) :** एसोसिएशन ऑफ़ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा के खिलाडियों ने जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में परचम लहराया। एसोसिएशन के महासचिव सतविंदर सिंह ने बताया कि जयपुर में 4 दिवसीय नेशनल फेडरेशन कप चैंपियनशिप 2025 आयोजित की गयी। जिसमें हरियाणा की ओर से भी 49 खिलाडियों ने मास रेसलिंग व बेल्ट रेसलिंग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में न केवल भाग लेकर हरियाणा का नाम रोशन किया बल्कि इस नेशनल चैंपियनशिप में 28 स्वर्ण, 24 रजत व 23 कांस्य पदकों के साथ कुल 75 पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और हरियाणा का परचम लहराया। हरियाणा के खिलाडी हरप्रीत पंजेटा ने इस चैंपियनशिप के माध्यम से 21 मई से 26 मई तक दिल्ली में आयोजित होने वाली एशियाई गेम्स के लिए भी अपना स्थान बनाया। एसोसिएशन के प्रधान राकेश खुराना ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि वैसे तो राष्ट्रीय स्तर पर किसी क्षेत्र के खेलों में प्रतिनिधित्व करना अपने आप में बहुत गर्व का विषय है और उस पर पदक हासिल करना सोने पर सुहागा जैसी बात है। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों व टीम मैनेजर की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षक वर्ग सभी खिलाड़ियों के साथ स्वयं बहुत मेहनत करते हैं जिसके परिणामस्वरूप उन खिलाडियों की खेल में रूचि तो बनती ही है और साथ ही वो उस खेल में महारथ भी हासिल करते हैं। एसोसिएशन के डिस्ट्रिक्ट प्रधान अमित सिंघल ने भी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विजेता खिलाड़ियों ने न केवल अपना, अपने अभिभावकों का, अपने क्षेत्र का बल्कि पुरे हरियाणा का नाम रोशन किया है जिसके लिए सभी खिलाड़ी व प्रशिक्षक सराहना के पात्र हैं। इस अवसर पर सी ए तम्बोली, ओमरमुख्तार तम्बोली, शैलेन्द्र पाठक, संजीव जांगड़ा, नवल किशोर, संतोष खैरनार, अनूप सांगवान, सरदार करनैल सिंह, कोच अमित धारीवाल, रश्मि धारीवाल, टीम मैनेजर अमनदीप सिंह, अरविन्द पंजेटा, रामकरण, जोवर, युग्म, रवनीत, वीरेन, हरमन, मनीष, वणिका, जीविका व हरप्रीत सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी, खिलाड़ी व अभिभावक उपस्थित रहे।

## महिलाओं को जागरूक करने के लिए डीएलएसए के द्वारा किया जाएगा कैंप का आयोजन

**सोनीपत, 5 मई ( विनोद ) :** मुख्य न्यायिक दंडधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि महिलाओं को उनके अधिकारियों के प्रति जागरूक करने के लिए 06 मई से 26 मई तक जागरूकता कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कैंप में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन्, बाल विवाह के प्रति जागरूकता, कानूनी सेवा प्राधिकरण की भूमिका व अन्य विशयों पर महिलाओं को जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ये कैंप 06 मई को राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव जुआं, 07 मई को हाई स्कूल गांव गढी घसीटा, 08 मई को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बैंयापुर, 12 मई को राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गांव गढ़ी मोहाना, 13 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव हुल्लाहेड़ी, 14 मई को राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गांव सलारपुर माजरा, 16 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव गड्डी ब्रह्मण, 19 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव जुआं, 22 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव जटवाड़ा, 26 मई को राजकीय कल्या माध्यमिक विद्यालय कुमासपुर में जागरूकता कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी कैंपों के आयोजन का समय प्रात: 09 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा।

## प्रदेश के किसान असमंजस की स्थिति में, सरकार जल्द स्थिति स्पष्ट करे : विक्रम कसाना एडवोकेट



**पुंडरी, 5 मई ( जगदीश दहिया ) :** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की मासिक बैठक किसान भवन पुंडरी मे जिलाध्यक्ष गुरनाम फरल की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण ने किया। बैठक मे मुख्य तौर पर युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने भाग लिया। बैठक के बाद युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट के नेतृत्व मे सैकड़ो किसान सरकार की किसान विरोधी नीतियो के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए मार्किट कमेटी कार्यालय पुंडरी मे पहुँचे ओर सावाना कंपनी के 7301 व 7501 कंपनियो के हाईब्रीड बीज की खरीद को लेकर सरकार से नीति स्पष्ट करने के लिये मार्किट कमेटी सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्रि नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौपा।

युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने कहा कि प्रदेश के किसानों द्वारा पिछले वर्षो मे बाजार में आए सावाना सीड्स कंपनी के सावा 7301 एंव 7501 एंव अन्य कंपनियों के हाईब्रीड बीज किस्मों की अधिक पैदावार को लेकर पसंद किया गया है, परंतु व्हाट्स-अप ग्रुपो के मध्यम से शैलर व आढ़तियो द्वारा किसानों के बीच तरह तरह की चर्चा की जा रही है की इन किस्मों के बीजो में चावल का टुकड़ा ज्यादा है इन किस्मों की सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद नही होगी। यदि खरीद होगी तो पिछले वर्ष के भाँति प्रति किवंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य मे कट लगाया जाएगा। जबकि बीज कंपनियों ने इस दावे को झूठा इकरार देते हुए बीज दुकानों पर पोस्टर चस्पा कर दिए है कि इस प्रकार की कोई बात नहीं है,यह सब झूठ फैलाया जा रहा है। जिससे प्रदेश का किसान बहुत अधिक दुविधा में है कि इन किस्मों की बीजाई की जाए या नहीं जबकि हरियाणा सरकार ने इस संबंध में कोई आदेश पारित नही किया है। इन सावाना सीड्स कंपनी के सावा 7301 एंव 7501 एंव हाईब्रीड बीज की खरीद नीति को स्पष्ट करे कि ये धान की किस्में सरकारी खरीद में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिक्री होगी या नही। जिसे लेकर प्रदेश सरकार अभी से अपनी स्थिति स्पष्ट करे। यदि प्रदेश सरकार अपनी स्थिति स्पष्ट नही करती और शैलर मालिको व आढ़तियों द्वारा खरीद में आनाकानी की गई तब धान बिक्री के समय किसान मजबूरवंश सड़कों पर उतरेंगे और धान खरीद के समय बड़े आंदोलन होने तय है और हम इस हक में नही है। भाकियू (चढूंनी) मांग करती है कि धान के बीजों को लेकर सरकार जल्द अपनी स्थिति स्पष्ट करे ताकि किसान समय पर अपनी धान की पनीरी की बीजाई कर सके। इस मौके पर रणधीर बरसाना, लहणा मुंदडी, पिरथी कौल, ओमप्रकाश चदंलाना, मोनी सिकंदर खेडी, बलिनदरं हजवाना, रामपाल मुंदडी, नरेंद्र हाबड़ी, शीलू बाकल, सुरेंद्र हजवाना, सतपाल गयोगं, नरेंद्र फरल, गुरुमुख फरल, शीलू गोलन, सुभाष बरसाना, विनोद बरसाना, स्वर सिंह, अमरजीत फरल, चमेल सिंह पबनावा सहित सैकड़ो किसान उपस्थित थे।

## एस डी मॉडर्न ने कराटे में जीते पदक



**हांसी, 5 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** सातवीं इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप 2025-26 की प्रतियोगिता विजडम स्कूल, हिसार में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल, से दिसु, वैदिक व अक्षत ने स्वर्ण पदक, समक्ष, हर्षिता, प्रतिभा, लावण्या, रिया, आहान, सात्विक व अरमान ने रजत पदक तथा सीरत, राधिका, मानवी, माधवी, देविशी, युग व वृषभ ने काँस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया। प्राचार्या ऋतु सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया व बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों के अंदर खेल भावना विकसित होती है। इस सारी सफलता का श्रेय पीटीआई पूनम व कराटे कोच आंचल को जाता है। प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग व रजत अग्रवाल ने विजेता विद्यार्थियों की भूरि भूरि प्रशंसा की व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 63 दिव्यांग विद्यार्थियों को वितरित किए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण



**कुरुक्षेत्र, 5 मई ( सुदेश कुमार ) :** समग्र शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 8 में जिले के चयनित 63 दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें एक नेत्र बाधित छात्रा को विशेष मोबाइल फोन, एक विकलांग छात्र को ई -त्रिपहिया वाहन एवं अन्य सभी दिव्यांग छात्रों को पूर्व में डॉक्टर टीम द्वारा जांच करके प्रमाण पत्र वितरण किए गए और उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण का अनुमोदन किया गया। इनका वितरण आज समग्र शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। ये सहायक उपकरण भारत सरकार के कृत्रिम अंग विभाग कानपुर द्वारा बच्चो की पैमाइश करके उनके लिए विशेष रूप से तयार किए जाते है।

शिविर का उद्घाटन जिला परियोजना समन्वयक संतोष चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांग बच्चे आज हर क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, केवल उनको उचित शिक्षा, अवसर और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। सहायक परियोजना समन्वयक क्रांति चावला ने कहा कि सरकार हर एक बच्चे को शिक्षा एवं समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकारी विद्यालयों मे सभी बच्चों को एक समान शिक्षा दी जाती है, चाहे वे दिव्यांग ही क्यू ना हो। प्राचार्या सुनीता ने कहा कि दिव्यांग बच्चे पैरा ओलंपिक खेलों मे मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे है।

राजकीय माध्यमिक विद्यालय की मुखिया सुखवीर कौर व मुख्य अध्यापिका उषा देवी ने कहा कि आज समाज का हर वर्ग इन बच्चों के साथ तन मन धन से खड़ा हैं। कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर एवं सहायक परियोजना समन्वयक राजेश कुमार भारद्वाज ने सभी मेहमानों का परिचय करवाया। विभाग द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं का संक्षिप्त परिचय भी दिया और अंत में सभी का धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर मीनल शर्मा, आस्था, प्रभा, रेणुका, ज्योती, बिजेंद्र, अनुज, हरी शंकर मिश्रा, पवन पांडेय, सुनील, राजेश, ऋषिपाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग दिया।

## 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस में राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

**कुरुक्षेत्र, 5 मई ( सुदेश कुमार ) :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की हरियाणा राज्य शाखा की तरफ से वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस पर 8 मई को सुबह 11 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय होंगे। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला रेड क्रॉस शाखा कुरुक्षेत्र की प्रधान नेहा सिंह ने दी है।

# विद्यार्थियों ने नाटक प्रस्तुत कर बताया आयुष्मान कार्ड का महत्व

**तरावड़ी, 5 मई ( छाया शर्मा ) :** प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी में आयुष्मान भारत कार्ड योजना के तहत नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के द्वारा छात्र और छात्राओं ने बताया कि आयुष्मान कार्ड आयुष्मान भारत योजना के तहत जारी किया जाने वाला एक पहचान पत्र है, जो लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने में मदद करता है। स्कूल निर्देशिका पिथी चौधरी ने आयुष्मान भारत के बारे में विद्यार्थियों को बताते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से




लाभार्थी सरकारी और निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड आयुष्मान भारत योजना के तहत जारी किया जाता है। जिसे 23 सितंबर 2018 को पूरे भारत में लागू किया गया था। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना है। आयुष्मान भारत योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अप्रैल 2018 को झारखंड के राँची जि़ले से लॉन्च किया था। स्कूल प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने बच्चों को बताया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाभार्थी नकद रहित इलाज का लाभ उठा सकते हैं। आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक स्वास्थ्य बीमा योजना है। जिसका उद्देश्य ग़रीब और कमज़ोर वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करना है। इस योजना का उद्देश्य व्यक्तियों और उसके परिवारों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा प्रदान करना है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाभार्थी प्रति वर्ष 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का समापन एक अच्छे संदेश के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य व बच्चे मौजूद रहे।

# 10 मई की राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए डीएलएसए द्वारा गठित किए 6 बैंच

**कुरुक्षेत्र, 5 मई ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में लंबित मामलों का समाधान करने के उद्देश्य से 6 बैंच गठित किए गए है। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि 10 मई को जिला कुरुक्षेत्र कोर्ट परिसर में लगाई जाने वाली लोक अदालत के लिए एडीजे अमरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में बैंच का गठन किया गया है। इस बैंच में एडवोकेट गजे सिंह को सदस्य बनाया गया है। इसी तरह एडीजे सतीश कुमार, न्यायधीश हरलीन ए शर्मा, न्यायधीश देवेन्द्र, न्यायधीश रेनू बाला व न्यायधीश गिरराज सिंह की अध्यक्षता में अलग-अलग बैंचों का गठन किया गया है। इन बैंचों में एडवोकेट अखिल बसीन, एडवोकेट श्वेता सिंह, एडवोकेट साहिल मंगला, एडवोकेट रजत सैनी, एडवोकेट अखिल वर्मा को अलग-अलग बैंचों का सदस्य बनाया गया है।

***वाहन चालक भी लोक अदालत में निपटा सकते है चालान***

डीएसपी ट्रैफिक रोहताश ने कहा कि 10 मई को कोर्ट परिसर में लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में कोई भी वाहन चालक सीधा चालान लेकर अपना चालान भर सकता है। सभी वाहन चालकों के लिए सुनहरा अवसर है कि 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने लम्बित चालान का भुगतान कर सकता है।

# समाधान शिविर की लंबित शिकायतों का अधिकारी जल्द करे समाधान : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 5 मई ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि समाधान शिविर की लंबित शिकायतों का सम्बन्धित विभाग के अधिकारी निर्धारित समय अवधि के दौरान समाधान करना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त ने समाधान शिविर में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को आयोजित होने वाले समाधान शिविर में शिकायतों का समाधान करने के लिए सभी विभागों के एचओडी स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। जो भी एचओडी बैठक में उपस्थित नहीं होगी, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी अधिकारी की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

उपायुक्त नेहा सिंह सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा बैठक में बोल रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट, डीएसपी सुनील कुमार, डीआरओ चेतना चौधरी व डीएफएससी सुरेन्द्र सैनी ने समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 35 समस्याओं को सुना। उन्होंने समाधान शिविर में क्रिड विभाग से सम्बन्धित 5 व विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 30 समस्याओं को सुना और उनमें से




24 समस्याओं को मौके पर ही समाधान किया तथा शेष समस्याओं को समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समय अवधि में समाधान करने के लिए निर्देश दिए है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इतना ही नहीं हर शुक्रवार को समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा भी की जा रही है ताकि शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार को समाधान शिविरों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। समाधान शिविरों की समीक्षा मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं की जाती है। मुख्यमंत्री स्वयं शिविरों में हिस्सा लेकर आमजन की शिकायतों को सुनते हैं। सभी अधिकारियों को समाधान शिविर की शिकायतों को लेकर गंभीर रहने की जरूरत है।

# बसताड़ा गांव में हवन यज्ञ कर भारतीय राजनीति के संत पुरुष मनोहर लाल का मनाया जन्म दिवस

**घरौंडा, 5 मई ( नरेन्द्र लाठर ) :** हरियाणा की राजनीति के शिखर पुरुष पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर बसताड़ा गांव में सोमवार को मधुबन मण्डल के कार्यकर्ताओं ने हवन यज्ञ कर मनाया जन्मदिन।



इस कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि भारतीय राजनीति के संत पुरुष और हरियाणा की राजनीति में नए युग का सूत्रपात करने वाले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ी है। जनता की सेवा, सुरक्षा और कल्याण के लिए उन्होंने दिन-रात एक कर दूसरों के सामने राजनीति में सेवा का उत्तम उदाहरण पेश किया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि ईमानदारी और नैतिकता के साथ भी राजनीति की जा सकती है। अटल और दृढ़ निश्चयी मनोहर लाल वास्तव में हरियाणा की राजनीति के लोह पुरुष हैं जिन्होंने भ्रष्टाचार, बेईमानी और गुंडागर्दी के सामने कभी घुटने नहीं टेके। आम जनता के लिए उनके त्याग और समर्पण को देखते हुए उनके जन्म दिवस पर हवन यज्ञ कर दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। राजनीति में ऐसे संत रूपी नेता बहुत कम देखने को मिलते हैं। कार्यक्रम में पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुभाष कश्यप, मीडिया प्रभारी संदीप लोहट,महामंत्री सतबीर गोस्वामी, अजय राणा, सुनील मोर, अशोक पांचाल, रणबीर कश्यप, श्यामलाल शर्मा, पवन शर्मा, बलिंदर शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे।

# ग्लोब हेरिटेज में हुआ अलंकरण समारोह का आयोजन

***जिम्मेदारी का निर्वाह करने से बनती है समाज में अलग पहचान - संजीव अग्रवाल***

**लाडवा, 5 मई ( रामगोपाल ) :** ग्लोब हेरिटेज में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल परिसर में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल व महासचिव संजीव अग्रवाल द्वारा मुख्यातिथि के रूप में छात्र परिषद के सदस्यों को उनके पद सौंप कर उनकी जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गयी। रीतू सिंगला ने समारोह का उद्देश्य बताते हुए कहा कि छात्र परिषद में सम्मिलित छात्रों में न



केवल नेतृत्व कौशल, अनुशासन, सामूहिक निर्णय क्षमता व उत्तरदायित्व की भावना का विकास होता है बल्कि स्कूल गतिविधियों में भी सहयोग करने से उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होती है और दूसरे विद्यार्थियों को उससे प्रेरणा मिलती है। छात्र परिषद में बारहवीं कक्षा के गजेंदर को हेड बॉय व तरन्नुम को हेड गर्ल की जिम्मेदारी सौंपी गयी वहीँ ऋग्वेद हाउस में दसवीं कक्षा की मिल्ली को कप्तान व आठवीं कक्षा की चाहत को उप कप्तान, सामवेद हाउस में बारहवीं की रमनदीप को कप्तान व महक को उपकप्तान, यजुर्वेद हाउस में दसवीं की भाविका को कप्तान व निखिल को उपकप्तान और अथर्ववेद हाउस में बारहवीं की गरिमा को कप्तान व दसवीं की रवलीन को उपकप्तान बनाया गया। मुख्यातिथियों द्वारा सभी छात्रों को बैच लगाकर उनका पद सौंपा गया व उन्हें उनकी जिम्मेदारियों की शपथ दिलाई गयी। मुख्यातिथि रंजना गोयल व संजीव अग्रवाल ने छात्र परिषद में चुने गए छात्रों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वाह करने से ही आपकी समाज में एक अलग पहचान बनती है जो किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व में तो निखार लाता ही है बल्कि उसे और जिम्मेदार बनाकर देश की उन्नति में योगदान देने में सहायक साबित होता है।

# जिला की मंडियों में 8 लाख 5 हजार 154 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**करनाल, 5 मई ( सुनील कुमार ) :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक निरंतर जारी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे और मंडी में खरीद व्यवस्था सुचारू ढंग से चल रही है। उन्होंने बताया कि रविवार तक जिला में करीब 8 लाख 5 हजार 154 मीट्रिक टन गेहूं की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 448804 मीट्रिक टन तथा हैफेड द्वारा 331119 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 25231 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। मंडियों से गेहूं उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए है। **फसल अवशेषों में आग न लगाएं, किसान सही तरीके से करें प्रबंधन:**-उपायुक्त उत्तम सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जो भी किसान मंडी में आएं, वह अपने क्रमानुसार ही आएं ताकि समय पर उनकी फसल की खरीद हो सके। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में फानों में आग न लगाएं। इससे जहां प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। इसलिए किसानों को चाहिए कि वे फसल अवशेषों में आग न लगाकर उनका सही तरीके से प्रबंधन करें।

# साइबर अपराधों से बचने के लिए रहें सजग व सतर्क : उपायुक्त

**करनाल, 5 मई ( रविन्द्र ) :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि बढ़ते हुए साइबर अटैक अथवा साइबर अपराधों को रोकने में सरकार, प्रशासन ही नहीं उपभोक्ता की भी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसे हमलों को रोकने में उपभोक्ताओं की सजगता और सतर्कता की बहुत बड़ी भूमिका होती है। साइबर अटैक के लिए आवश्यक है कि उपभोक्ता, फोरम, वेबसाइट पर अपनी संवेदनशील जानकारी ईमेल आईडी, पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड की डिटेल शेयर न करें। अपना पासवर्ड मजबूत रखें, कोई भी लिंक क्लिक करने से पहले देखें कि वह वेबसाइट ठीक है या नहीं। उन्होंने कहा कि सिस्टम की सुरक्षा के लिए अपने सिस्टम को अपडेट करते रहें और भरोसेमंद सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करें। उन्होंने बताया कि स्पैम मैसेज को खोलने से बचें और ओपन वाईफाई का इस्तेमाल न करें। साथ ही एक ही वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का प्रयोग करें। आप एक सुरक्षित नेटवर्क से जुडक़र सावधानी और सजगता बरतकर साइबर हमले अथवा अपराध की गिरफ्त में आने से बच सकते हैं। इसी कड़ी में पुलिस विभाग द्वारा भी साइबर अपराधों से निपटने के लिए हेल्पलाइन नम्बर 1930 शुरू किया गया है।

उन्होंने बताया कि अटैकर्स कमजोर सिस्टम पर हमला करने और उस पर नियंत्रण करने के लिए मैलिसस कोड का सहारा लेते हैं। साइबर सिक्योरिटी पर अटैक अनेक प्रकार से किए जा सकते हैं। इसके लिए मैलवेयर, फिशिंग अटैक, डिनायल ऑफ सर्विस, मेन इन द मिडिल के माध्यम से किया जा सकता है। इसको सिस्टम को हैक करने, क्रिप्टो करेंसी के रूप में पैसे की मांग के लिए या फिर डार्क वेब पर डेटा बेचने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इस तरह के हमले में संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारी जो उपयोगकर्ता की वेबसाइट पर उपलब्ध है, उसे बिना किसी वेबसाइट या यूजर्स के ज्ञान के हाईजैक किया जा सकता है।

बॉक्स: साईबर सिक्योरिटी टिप्स

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि यदि आप इंटरनेट का उपयोग बैंकिंग से जुड़ी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए करते हैं, तो आपको अपने डिवाइस में साइबर सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए एंटी वायरस को जरूर इंस्टॉल करना चाहिए। एक अच्छा एंटी वायरस आपको मैलवेयर और डाटा सिक्योरिटी बीच के खतरे से बचाने का काम करता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि बैंक कभी भी आपसे एटीएम कार्ड नम्बर, सी.वी.वी., यू.पी.आई., ओ.टी.पी. तथा पिन आदि की मांग नहीं करता है। गृह मंत्रालय द्वारा ऑनलाइन साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल शुरू किया गया है। यहां आप साइबर क्राइम के बारे में रिपोर्ट करा सकते हैं।

# केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**हिसार, 5 मई ( ब्यूरो ) :** बरवाला के नव ज्योति दुर्गा मंदिर में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं यशस्वी जीवन की कामना की।

उन्होंने कहा कि मनोहर लाल का जीवन समर्पण, सेवा और ईमानदारी का प्रतीक है और उनके जन्मदिवस को सेवा कार्यों से मनाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उनके इस मानवता पूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि वे भी आगे आकर ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लें। इस अवसर पर जिला परिषद चैयरमैन सोनू सिहाग डाटा, पूर्व आईपीएस दलबीर भारती, भाजपा नेता रणधीर सिंह धीरु सहित क्षेत्र के अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं ने भाग लिया।

# भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकेत पर कट्टरपंथी हिंदुत्ववादी

***संगठनों द्वारा किया गया हमला निंदनीय है : कामरेड फूल सिंह***

**कैथल, 5 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** जन संघर्ष मंच हरियाणा के राज्य प्रधान कॉमरेड फुल सिंह ने भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत और नरेश टिकैत द्वारा सिंधु जल संधि के निलंबन पर दी गई प्रतिक्रिया के संदर्भ में उठे विवाद के चलते मुजफ्फरनगर में राकेश टिकैत पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की उन्होंने कहा है कि राकेश टिकैत पर कट्टरपंथी हिंदुत्ववादी संगठनों द्वारा किया गया हमला, जिसमें उनके सिर पर लाठी मारी गई और पगड़ी उछाली गई, न केवल एक व्यक्ति पर हमला है, बल्कि लोकतांत्रिक असहमति के अधिकार पर सीधा प्रहार है। राकेश टिकैत ने पहलगाम आतंकी हमले के संदर्भ में कहा था कि इस घटना से किसे लाभ हो रहा है। और चोर यहीं हमारे बीच है, जिसका अर्थ था कि हमें आतंकवाद के पीछे की साजिशों को समझना चाहिए।

वहीं, नरेश टिकैत ने सिंधु जल संधि को रद्द करने के फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इससे पाकिस्तान के आम किसानों को नुकसान होगा, उन्होंने कहा कि किसान कहीं के भी हों किसान, किसान हैं। दोनों नेताओं का यह दृष्टिकोण भारत और पाकिस्तान के मेहनतकश किसानों और मजदूरों के बीच सद्भाव को बढ़ावा देने वाला था, न कि आतंकवादियों या उन्हें पोषित करने वाली ताकतों का समर्थन करने वाला। राकेश टिकैत और नरेश टिकैत ने अपने बयानों में यही मानवीय दृष्टिकोण रखा कि पानी, जो जीवन का आधार है, को राजनीतिक प्रतिशोध का हथियार नहीं बनाना चाहिए।

यह बयान दोनों देशों के मेहनतकश लोगों के बीच सद्भाव और एकजुटता का संदेश देता है। लेकिन हिंदुत्ववादी कट्टरपंथी ताकतों ने इसे तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया और राकेश टिकैत पर हिंसक हमला किया, जो लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है।

इसी तरह लोकगायिका नेहा सिंह राठौर व डाक्टर मेडूसा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की घटनाएं भी यही साबित कर रही हैं कि यह सरकार हिन्दू मुस्लिम के नाम पर नफ़रत पैदा करने वाली विचारधारा व सरकार की नीतियों से असहमति रखने के अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूरी तरह गला घोंटने वाली है।

आतंकी हमले में मारे गए विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल सहित अन्य पीड़ित परिवारों की महिलाओं ने जब हिन्दू-मुस्लिम के आधार पर नफ़रत पैदा करने का विरोध करते हुए कहा कि हम शांति चाहते हैं, मुसलमानों व कश्मीरियों पर हमले नहीं चाहते हैं और हम इन्साफ चाहते हैं तो कट्टरपंथी हिंदुत्ववादी संगठनों की ट्रोल आर्मी इन महिलाओं को ही गालियां देकर अपमानित कर रही हैं।

यह अत्यंत शर्मनाक व दुखद है और देश में सांप्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा देना है। अत्यंत शर्मनाक है कि नैनीताल में कट्टरपंथी ताकतों का विरोध करने वाली बहादुर लड़की शीला नेगी को रेप तक की धमकियां दी जा रही हैं। जन संघर्ष मंच हरियाणा इस प्रकार की घटनाओं का कड़ा विरोध करते हुए जनता से अपील करता है कि वह सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करें, इस तरह की सांप्रदायिक विद्वेष पैदा करने वाली फूटपरस्त ताकतों से सावधान रहें और उन्हें अलग-थलग करते हुए कड़ा जबाब दें।

# जिला प्रशासन की नई पहल : फीडबैक के जरिये जानेंगे जन समस्याएं

**करनाल, 5 मई ( संदीप रोहिला ) :** शहरवासियों की समस्याओं को जानने और उनका समाधान करने के लिए जिला प्रशासन ने नई पहल की है। इसके तहत घर-घर कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों के जरिये लोगों तक फीडबैक फॉर्म पहुंचाया जाएगा। इस फार्म में 5 व्यक्तिगत और 5 वार्ड अथवा शहर को प्रभावित करने वाली समस्याएं दर्ज करनी होंगी। दो दिन बाद फार्म वापस लेकर समस्याओं को सूचीबद्ध किया जाएगा। इसके बाद प्राथमिकता अनुसार उनका समाधान किया जाएगा। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन ने एक नागरिक प्रतिक्रिया फार्म तैयार किया है। इसे कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों के जरिये घर-घर तक पहुंचाया जाएगा और इन्हीं के माध्यम से दो दिन बाद इस फार्म को वापस लिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस फार्म में व्यक्तिगत और सामूहिक पांच-पांच उन समस्याओं का उल्लेख किया जाए जिनका संबंध नगर निगम, जिला प्रशासन अथवा सरकार से है। मसलन फीडबैक फार्म में शहर में यातायात की समस्या दर्ज करने की बजाय कहां से कहां (क्षेत्र का नाम) तक ट्रैफिक समस्या है, इसका उल्लेख करें। साथ ही समस्या के समाधान के लिए संभव हो तो सुझाव भी लिखें। उन्होंने बताया कि घर के सामने गली अथवा सडक़ पर बना गड्ढा, मेनहोल का खुला ढक्कन, पीपीपी, प्रापर्टी आईडी आदि से संबंधित व्यक्तिगत समस्याओं का जिक्र कर सकते हैं जबकि वार्ड अथवा शहर को प्रभावित करने वाली पांच समस्याओं को फार्म के क्रमांक नंबर तीन में दर्ज करना होगा। उपायुक्त के अनुसार फीडबैक फार्म में समस्याओं को हिंदी अथवा अंग्रेजी में दर्ज किया जा सकता है। यदि कोई पंजाबी अथवा अन्य किसी भाषा में समस्या का उल्लेख करना चाहे तो कर सकता है। उम्मीद जताई कि 70-80 हजार फार्म फीडबैक के बाद वापस प्रशासन के पास पहुंच जाएंगे। इसके बाद समस्याओं को सूचीबद्ध किया जाएगा और प्राथमिकता अनुसार उनका समाधान भी। उन्होंने बताया कि फीडबैक फार्म वापस मिलने के बाद जिला प्रशासन को पता चल जाएगा कि सडक़ों की क्वालिटी, पेयजल संकट, यातायात समस्या, कूड़ा-एकत्र करने, घर के आगे से गुजर रही बिजली की तारों आदि के बारे में कितनी शिकायतें आई हैं। यदि किसी वार्ड अथवा कालोनी में सार्वजनिक पार्क नहीं है तो उसके बारे में भी लोग प्रतिक्रिया फार्म में लिख सकते हैं। दिनचर्या में कौन सी चीज लोगों के लिए बेहतर हो सकती है, इस बारे सुझाव दिया जा सकता है।

# आयुष्मान व चिरायु योजना के तहत लाभार्थियों को मिल रही नि:शुल्क उपचार की सुविधा : डीसी प्रीति

**कैथल, 5 मई ( प्रवेश बहादुर ):** डीसी प्रीति ने बताया कि आयुष्मान भारत और चिरायु आयुष्मान हरियाणा योजना पात्र परिवारों के लिए निश्शुल्क उपचार में मददगार साबित हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के मद्देनजर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का शुभारंभ किया गया था।

आयुष्मान भारत योजना में पांच लाख तक का सालाना लाभ लाभार्थी परिवार को दिया जाता है। यह चिकित्सा लाभ बिल्कुल कैशलेस और पेपरलेस है, जिसमें लाभार्थी अपना आयुष्मान कार्ड दिखाकर पैनल वाले अस्पताल में अपना इलाज करवा सकता है। इस योजना में द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी की चिकित्सा सुविधा शामिल की गई है। इसी कड़ी के जुड़ाव में हरियाणा सरकार द्वारा चिरायु आयुष्मान हरियाणा योजना का शुभारंभ नवंबर 2022 में किया गया था। इस योजना के अंतर्गत वार्षिक आय एक लाख 80 हजार से नीचे वेरीफाइड इनकम वाले परिवारों को इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभार्थी बनाया गया है, जिसमें वेरीफाइड इनकम परिवारों का डाटाबेस नेशनल हेल्थ एजेंसी द्वारा कंज्यूम किया जाता है।

वहीं एक लाख 80 हजार से तीन लाख रुपए वार्षिक आय वाले परिवार केवल पंद्रह सौ रुपए प्रीमियम की अदायगी के साथ योजना का लाभ ले सकते हैं। ऐसे परिवारों को प्रति वर्ष प्रीमियम की राशि का भुगतान करते हुए कार्ड का नवीनीकरण कराना होगा। इस योजना के लिए https://chirayuayushmanharyana.in/ पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि लाभार्थी परिवार अपना आयुष्मान कार्ड स्वयं भी बना सकता है जिसके लिए https://play.google. com/store/apps/details?id=com.beneficiaryapp ऐप लिंक पर जाकर बतौर बेनिफिशियरी लॉगिन कर अपने ही मोबाइल में अपना आयुष्मान कार्ड घर बैठे बन सकता है। पात्र लाभार्थी को कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड,परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड से अटैच मोबाइल साथ लाना जरूरी है।

यह सुविधा अटल सेवा केंद्रों पर भी उपलब्ध है,जिसके लिए पर विजिट की जा सकती है। डीसी ने बताया कि सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों को भी सरकार द्वारा आयुष्मान योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। कार्ड जनरेट के लिए पर विजिट की जा सकती है। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से चिरायु आयुष्मान हरियाणा योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# अवैध पाक नागरिकों की जांच के लिए भाजपा नेताओं ने मांगपत्र सौंपा



फाजिल्का, 5 मई (बख्शीश सिंह/ जसप्रीत सिंह) प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष श्री सुनील जाखड़ जिला भाजपा अध्यक्ष सुखविंदर सिंह काका कंबोज के दिशा निर्देश अनुसार प्रदेश सचिव वंदना सांगवाल व प्रदेश मीडिया सह प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष सुबोध वर्मा के नेत्रत्व में भाजपा जिला फाजिल्का के एक शिष्टमंडल ने एडीसी फाजिल्का श्रीमती मनदीप कौर को मिलकर भारत व जिला फाजिल्का में गैर कानूनी तोर से रह रहे पाकिस्तानी नागरिको की जांच कर उन्हें तुरंत देश से बाहर करने के लिए मांग पत्र सौंप कर अपील की गई। इस मौके पर प्रदेश सचिव वंदना सांगवाल व सुबोध वर्मा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पहलगाम में 22 अप्रैल को मारे गए निर्दोष लोगो को न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी व भारत व पंजाब में भय का माहौल खत्म करने और सामाजिक सुरक्षा को कायम रखने में भाजपा हमेशा जनता का सहयोग करती रहेगी। शिष्टमण्डल में जिला महामन्त्री अश्वनी फूटेला, जिला उपाध?यक्ष राकेश उतरेजा, मंडल अध?यक्ष रमेश कटारिया, परमजीत शेरा, दिलीप सिंह, सरपंच सुनील सहारन, महामं?त्री अंकुश फूटेला, जिला सचिव रीगल गोयल साहिल संगवाल विशेष तौर पर प मोजूद रहे।

# पंजाब में गंभीर बीमारी के लगातार फैलने से बढ़ने लगे मरीजों के आंकड़े

होशियारपुर 5 मई (निस) भीषण गर्मी के साथ-साथ जिला में डेंगू ने भी दस्तक दे डाली है। जिला एपीडीमोलोजिस्ट डा. जगदीप सिंह के अनुसार हाल ही में नए आए 5 केसों के साथ जिला में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा 7 तक पहुंच चुका है। सिविल सर्जन डा. पवन कुमार के दिशा निर्देशों पर सेहत विभाग ने एहितियात व बचाव कार्यों के लिए कमर कस ली है। डा. जगदीप सिंह की देखरेख में हर शुक्रवार डेंगू ते वार अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अभियान में एंटी लारवा टीमों ने नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ मिलकर घर-घर जाकर सर्वे किया तथा जिन घरों में मच्छरों का लारवा पाया गया, उन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही स्कूलों में भी ये गतिविधियां आयोजित की गईं और बच्चों को मच्छरों से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। जिला डा. जगदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नर्सिंग विद्यार्थियों को विभिन्न सर्वेक्षण टीमों के साथ जाकर लोगों को डेंगू की रोकथाम के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। टीमों ने घर-घर जाकर मच्छरों के लार्वा की जांच की तथा विभिन्न बर्तनों से पानी निकालकर मच्छरों के लार्वा को मौके पर ही नष्ट कर दिया। उन्होंने कूलर, टायर, मिट्टी के बर्तन, रैफ्रीजिरेटर के पीछे रखी ट्रे, पशु/पक्षियों के पीने के बर्तन, बाल्टियां, बोतलें आदि जैसे पानी के कंटेनरों से पानी के निपटान के बारे में जागरूकता फैलाई। मच्छरों के लार्वा को रोकने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा और अन्य उपाय किए गए। स्कूलों का भी दौरा किया गया और विभिन्न स्कूलों के छात्रों को मच्छरों के लार्वा दिखाए गए। इसी प्रकार की गतिविधियां जिले के शहरी क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी क्षेत्रवार टीमों द्वारा संचालित की गईं। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण गतिविधियों के दौरान लोगों को डेंगू की रोकथाम एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गई है तथा मच्छरों के लारवा को नष्ट करने के लिए कम से कम साप्ताहिक रूप से यह गतिविधि चलाने को कहा गया है।

## पुलिस के हाथ लगी भारी मात्रा में देसी शराब, महिला गिरफ्तार

बरनाला 5 मई (निस) सी.आई.ए. बरनाला की पुलिस पार्टी ने गश्त के दौरान एक महिला को भारी मात्रा में देसी शराब सहित गिरफ्तार किया है। सहायक थानेदार सुखचैन सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी हंडियाया से गुरुद्वारा अड़ीसर साहिब वाले रास्ते गांव धोला की ओर जा रही थी। जब पुलिस पार्टी पुल ड्रेन के पास पहुंची, तो उन्होंने बाईं ओर गांव धोला वाली पटरी पर ट्राइडैंट फैक्ट्री की ओर से 1 महिला को सिर पर भारी केनी (कैन) उठाए आते देखा। पुलिस पार्टी की गाड़ी देखकर महिला घबरा गई, जिस पर शक होने पर मन एएसआई ने सीनियर महिला सिपाही की मदद से उक्त महिला को काबू कर लिया। पुलिस ने जब महिला के सिर पर रखी केनी को खोलकर चेक किया, तो उसमें से देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ थाना रूड़ेके कलां में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि महिला यह शराब कहां से लेकर आ रही थी और इसमें और कौन शामिल है। गिरफ्तार की गई महिला से पूछताछ जारी है।

## लुधियाना में जीएसटी विभाग की रेड, टैक्स चोरी करने वाले तीन लोग काबू

लुधियाना 5 मई (निस) शहर में GST विभाग की रेड होने की खबर मिली है। जानकारी के मुताबिक, इस दौरान करोड़ों के टैक्स चोरी करने वाले एक ही परिवार के 3 लोगों को काबू भी किया गया है। जीएसटी विभाग की रेड गत रात्रि की गई। आरोपियों की पहचान संजीव कमार (उम्र 55), करण कुमार (उम्र 32) व शोभित (उम्र 27) निवासी मंडी गोबिंदगढ़ के रूप में हुई है। इस पूरे मामले में जीएसटी विभाग के अधिकारी कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। वहीं सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी जीएसटी विभाग को जाली कंपनियां करोड़ों रुपए का चूना लगा रही थी। सूचना मिलने पर चंडीगढ़ टीम ने लुधियाना में रेड की और 3 को काबू कर लिया गया। फिलहाल इस मामले में जांच जारी और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। इसके साथ ही टीम द्वारा आरोपियों के पिछले 2 सालों के रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं। इसके अलावा इनके पास करने वाले कर्मचारियों की भी डिटेल निकलवाई जा रही है।

## सोशल मीडिया पर अपनी फोटो देख पति-पत्नी के उड़े होश, मामला दर्ज

लुधियाना 5 मई (निस) थाना पी.ए.यू की पुलिस ने महिला और उसके पति की फोटो पर ड्रग स्मगलर लिखकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उक्त मामले बारे जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हर्षवीर सिंह ने बताया कि पुलिस को शिकायतकर्ता अरुणिमा चड्ढा और प्रणव चड्ढा वासी टैगोर नगर सिविल लाइन में शिकायत दर्ज करवाई है कि आरोपी नवनीत अग्रवाल पुत्र विनोद अग्रवाल वासी क्योंजन गार्डन साउथ सिटी ने उनकी फोटो पर ड्रग स्मगलर लिखकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था जिसके बाद पुलिस ने उक्त मामले पर कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# हरपाल चीमा ने अकाली, भाजपा व कांग्रेस को अपनी गलतियां स्वीकार करने की चुनौती दी



चंडीगढ़, 5 मई (निस)पंजाब के जल संसाधनों की रक्षा के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए, पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने सोमवार को विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस पार्टी से राज्य के जल मुद्दों से निपटने में ऐतिहासिक गलतियों के लिए जवाबदेही की मांग की, साथ ही उन्हें अपने कुकर्मों के लिए राज्य के लोगों से माफी मांगने की चुनौती दी। पंजाब के जल के संबंध में राज्य के अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा लाए गए संकल्प पर बहस के दौरान पंजाब विधानसभा को संबोधित करते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के मुद्दे पर मुख्यमंत्री के रुख ने एक महान उदाहरण स्थापित किया है, जो राज्य के हितों के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है।कांग्रेस पार्टी, अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित पिछली सरकारों की पंजाब के जल संसाधनों को बेचने में उनकी ऐतिहासिक भूमिका के लिए आलोचना करते हुए, वित्त मंत्री ने विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस पार्टी से, अपनी गलतियों को स्वीकार करने और अपने कार्यों के लिए पंजाब के लोगों से माफी मांगने का आग्रह किया। चीमा ने कहा, मैं आपसे इस सदन के सामने खड़े होकर पंजाब के लोगों से माफी मांगने का आग्रह करता हूं।मंत्री चीमा ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की पंजाब पर चल रहे हमलों की भी निंदा की, जिसमें राज्य की उधार लेने की सीमा में कमी और काले कृषि कानूनों का कार्यान्वयन शामिल है। चीमा ने कहा, भाजपा के तहत केंद्र सरकार लगातार पंजाब को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में, इन हमलों के खिलाफ राज्य की दृढ़ता से रक्षा करेगी।एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, वित्त मंत्री चीमा ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से राज्य के जल मुद्दे का संज्ञान लेने का भी अनुरोध किया, जिसमें पंजाब के हितों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर विधानसभा का एकीकृत रुख राज्य के संसाधनों की रक्षा के लिए राज्य के संकल्प को दर्शाता है।वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री मान को उनके साहसिक रुख के लिए धन्यवाद देकर और सदन को आश्वासन देकर अपनी बात समाप्त की कि आम आदमी पार्टी पंजाब के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए अथक प्रयास करना जारी रखेगी।

## पहलगाम पीड़ितों के लिए परशुराम वाटिका में हवन यज्ञ करवाया



पटियाला, 5 मई (मनोहर पवार) भगवान परशुराम वाटिका में श्री सूरज भान शर्मा की अगवाई में श्री ब्राह्मण समाज पटियाला द्वारा 31वां हवन यज्ञ जम्मू कश्मीरी के पहलगाम हमले के पीड़ितों की आत्मा की शांति के लिए पंडित अनिल मिश्रा द्वारा मुख्य यजमान डा. प्रेम कुमार शर्मा द्वारा शुद्ध मंत्रोच्चारण करके हवन यज्ञ किया गया। समस्त विश्व में अमन शांति के लिए प्रार्थना की गयी इस अवसर पर यादविन्द्र कुमार, कैलाश शर्मा, अनिल शर्मा, एसएस पांडव, रविन्द्र शर्मा, एडवोकेट राज कुमार सीनियर वकील श्री देवी दास, धर्मवीर सिंह, परमोद शर्मा अपने परिवार के साथ, श्री नीरज शर्मा, अश्विनी शर्मा एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित टीएन शर्मा शामिल हुए।

## एक बूंद पानी नहीं देंगे-सीएम मान

**पृष्ठ एक का शेष ...**किया जाना चाहिए। वह अपने दरियाओं की आप ही रक्षा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि बी.बी.एम.बी. का पुनर्गठन किया जाना चाहिए क्योंकि स्थिति अब पहले जैसी नहीं रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र ने आर. डी.एफ. का पैसा रोक रखा है और रोज नये-नये फरमान जारी कर रहे हैं। बी.बी.एम.बी. का पुर्नगठन करें वह अपने दरियाओं की खुद ही राखी कर लेंगे। उन्होंने कहा कि बी.बी.एम.बी. में अभी भी अफसर बदले जा रहे हैं। अभी एक घंटे पहले अफसर बदला है। उन्होंने कहा कि बी.बी.एम.बी. ने रातों रातो मीटिंग करके चेयरमैन बदला था वह उसे अवैध मानते हैं। अगर मीटिंग अवैध है तो फैसला भी अवैध है। इसके लिए एक महीने का नोटिस, एमरजेंसी में 7 घंटे का नोटिस देना होता है। उन्होंने कहा कि हर 25 साल बाद एक लॉ होना चाहिए जिससे बदलाव किया जा सके। उन्होंने कहा कि पानी भी चाहिए और मक्की, जौ, चावल सब चाहिए वह क्या वह गेहूं गमले में बीज लें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रेम से संवाद करना नहीं सीखा है।

**राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेताया ...**

आतंकवादी हमले के सीमापार संबंधों के मद्देनजर पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई पर विचार कर रहा है। उक्त हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। सिंह ने कहा, ''रक्षा मंत्री के तौर पर यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर काम करूं और देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं। यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं सशस्त्र बलों के साथ मिलकर उन लोगों को मुंहतोड़ जवाब दूं, जो हमारे देश पर बुरी नजर रखते हैं।''राजनाथ सिंह ने रविवार को यहां ''सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव'' में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 'देश की आत्मा की रक्षा' में संतों और आध्यात्मिक नेताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एक सैनिक ''रणभूमि'' में लड़ता है, जबकि एक संत ''जीवनभूमि'' में लड़ता है। सिंह ने कहा कि भारत की ताकत केवल इसकी सशस्त्र सेनाओं में ही नहीं, बल्कि इसकी संस्कृति और आध्यात्मिकता में भी निहित है।

## पाक की धमकी ...

**पृष्ठ एक का शेष ...** मौजूदा तनाव की स्थिति पर राजनीतिक दलों को जानकारी देना और उनकी राय लेना। इस बंद कमरे वाली बैठक में आईएसपीआर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी और सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने भारत-पाक रिश्तों और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर ब्रीफिंग दी।सूत्रों के मुताबिक, सभी दलों ने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर भारत की ओर से कोई दुस्साहस हुआ, तो उसका जवाब मुंहतोड़ दिया जाएगा। राजनीतिक दलों ने सेना के साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि अगर क्षेत्रीय शांति भंग होती है, तो वे एकजुट होकर प्रतिक्रिया देंगे।

कौन-कौन हुआ शामिल

बैठक में PPP नेता राजा परवेज अशरफ, क़मर ज़मान काइरा, शाज़िया मर्री, पीएमएल-एन के अकील, तलाल चौधरी, तारिक फ़ज़ल, ~~रूल्कू~~ के फारूक सत्तार, कश्मीरी नेता शाह गुलाम कादिर सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि आज ही पाकिस्तान ने एक मिसाइल परीक्षण किया है जो कि अब अपनी सैन्य समर्था प्रदर्शित कर रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## पंजाब में 7 मई को सोच-समझकर निकलें घरों से बाहर, हो गया बड़ा ऐलान

मोहाली 5 मई (निस) रेल यात्रियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार किसानों ने एक बार फिर पंजाब में रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान कर दिया है। इस संबंध में किसान नेता सरवन सिंह पंधेर का कहना है कि सरकार द्वारा किसानों को जमीनों का उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। सरवन सिंह पंधेर का कहना है कि किसानों की करोड़ों की जमीनों को सरकार द्वारा कोड़ियों के भाव खरीदा जा रहा है। मुआवजे की मांग कर रहे किसानों पर अत्याचार किया जाता है। इसी के चलते केंद्र व पंजाब सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए 7 मई को अमृतसर के देवीदासपुरा में 12 बजे रेलवे ट्रैक को जाम करने का ऐलान किया गया है। इस दौरान उन्होंने सभी किसानों को प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कहा है।

## पंजाब के इन 16 जिलों में फिर से बारिश, आंधी का अलर्ट, लोग सावधान रहें

मोहाली 5 मई (निस) बीते कुछ दिनों से पंजाब के लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इसी बीच लोगों के लिए आज भी राहत भरी खबर सामने आई है। मौसम विभाग द्वारा तूफान और बारिश को लेकर पंजाब के 16 जिलों में ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही अगले 6 दिनों में भी पंजाब में तेज हवाएं चलेंगी। विभाग ने आज जालंधर, लुधियाना, अमृतसर, कपूरथला, पटियाला, बठिंडा, मानसा, मोहाली, नवांशहर, फाजिल्का, बठिंडा और फतेहगढ़ साहिब में यलो अलर्ट और रूपनगर, गुरदासपुर, होशियारपुर और पठानकोट में ओरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम में बदलाव के बाद पंजाब के कई जिलों में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले पांच दिनों में पंजाब में तेज हवाएं चलेंगी और गरज के साथ कई इलाकों में बारिश भी हो सकती है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत रहेगी।

## हेरोइन, नशीली गोलियों व ड्रग मनी सहित 2 काबू, मामला दर्ज

मोगा 5 मई (निस) जिला पुलिस अधीक्षक अजय गांधी ने बताया कि नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत मोगा पुलिस ने हेरोइन, नशीली गोलियां तथा ड्रग मनी सहित 2 व्यक्तियों को काबू किया है। उन्होंने कहा कि जब थाना बधनीकलां के प्रभारी इंस्पेक्टर गुरमेल सिंह के नेतृत्व में सहायक थानेदार संतोख सिंह पुलिस पार्टी सहित देर सायं भ्याना चौक से लोपो रोड पर गश्त कर रहे थे, तो उन्होंने शक के आधार पर सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खी निवासी गांव रामा को काबू करके उससे 120 नशीली गोलियां तथा 900 रुपए ड्रग मनी बरामद की। उसके खिलाफ थाना बधनीकलां में एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इसी तरह थाना चड़कि के प्रभारी थानेदार गुरपाल सिंह जब पुलिस पार्टी सहित इलाके में गश्त करते हुए बस अड्डा गांव झंडेवाला के पास जा रहे थे, तो गुप्त सूचना के आधार पर सतनाम सिंह उर्फ जोंडीयर निवासी सिंघावाला को काबू करके उससे 5 ग्राम हेरोइन तथा 1500 रुपए ड्रग मनी बरामद की गई। उसके खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इन्द्रप्रीत कौर दर्दी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक भारत देश हमारा ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्रा. लिमि. पटियाला के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब , सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह से छपवाकर कार्यालय भारत देश हमारा गुरू हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल बिल्डिंग, पुरानी प्रेस रोड , पटियाला से प्रकाशित किया।
PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985

# वाहे रे माल विभाग! पटवारी की गिरफ्तारी के बाद लावारिस पड़ी जमाबंदी, अब कौन करेगा...

अमृतसर 5 मई (निस) एकतरफ जहां मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने एक सख्त आदेश जारी करते हुए तहसीलदारों व पटवारियों को आदेश जारी कर रखे हैं कि जमीन जायदाद के इंतकाल तय समय अवधि यानि कम से कम 30 दिन और ज्यादा से ज्यादा 45 दिन के भीतर दर्ज और मंजूर होने चाहिए तो वहीं महानगर के सबसे बड़े शहरी पटवार सर्किलों में से एक पटवार सर्किल 110 की जमाबंदी जो पिछले तीन वर्षों से पेंडिंग चल रही थी, उसको तैयार करने वाला पटवारी हरप्रीत सिंह विजिलेंस की तरफ से गिरफ्तार किए जाने के बाद एक बार फिर से यह जमाबंदी लावारिसों जैसी हो गई है। जानकारी के अनुसार पूर्व तहसीलदार मनजीत सिंह व कुछ अन्य तहसीलदारों की तरफ से परत पटवार इंतकाज जमा नहीं करवाए जाने के कारण यह जमाबंदी पहले तो तैयार ही नहीं हो रही थी, अब जहां सारे इंतकाल मिलने के बाद पटवारी व कानूनगो ने जमाबंदी को तैयार कर लिया और तहसीलदार की तरफ से इस जमाबंदी को मंजूर किया था तो अब पटवारी पकड़ा गया, जिसके चलते यह जमाबंदी अब पटवारी के बंद पड़े कमरे रखी हुई है जिसकी देखरेख खुद पटवार यूनियन के प्रांतीय नेता हरपाल सिंह समरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आप ही फैसला करे, कौन तहसीलदार मंजूर करेगा

**110 सर्किल की जमाबंदी**

पटवार सर्किल 110 की जमाबंदी को मंजूर करने के लिए डी.सी. की तरफ से पहले पूर्व तहसीलदार वन राजविन्दर कौर को निर्देश जारी किए गए लेकिन उसने भी जमाबंदी की तरफ ध्यान नहीं दिया। इसके बाद नए आए तहसीलदार वन अमृतबीर सिंह को जमाबंदी मंजूर करने के लिए कहा गया, लेकिन उनका भी एक महीने के भीतर तबादला हो गया, अब उनके स्थान पर तहसीलदार वन मनमोहन कुमार आ चुके हैं, लेकिन यह जमाबंदी मंजूर कौन करेगा। इस पर भी अभी तक फैसला नहीं लिया गया है, जिससे पीड़ित लोग मांग कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को ही इस जमाबंदी को मंजूर किए जाने संबंधी फैसला लेना चाहिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

**2015-16 की जमाबंदी से गुजारा कर रहे लोग**

इतने महत्वपूर्ण सर्कल के इंतकाल रखना एक बड़े कांड की तरफ तो इशारा करता ही है, वहीं अधिकारियों की इस हिमाकत के चलते अभी तक उक्त पटवार सर्किल की जमाबंदी नहीं बनने के कारण हजारों की संख्या में लोगों को 2015-16 की जमाबंदी के दस्तावेजों से गुजारा करना पड़ रहा है, इस सर्किल में तैनात पटवारी विवेक भाटिया को हर रोज इस परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोग नई जमाबंदी के बारे में सवाल पूछते हैं कि आखिरकार यह जमाबंदी अभी तक क्यों तैयार नहीं हुई है।

# पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन को लेकर बी.सी.सी.आई. को नोटिस, जानें क्यों और क्या है माजरा

जालंधर 5 मई (निस) पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन से संबंधित एक मामले में अदालत ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बी.सी.सी.आई.) को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है, जिसमें जस्टिस आर.एम. लोढा की सिफारिशें पंजाब में लागू हैं या नहीं, इस बात को लेकर सवाल उठाया गया है। वरुण गौतम की तरफ से दायर याचिका में सुनवाई करते हुए पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट की तरफ से यह नोटिस जारी किया गया है। याचिका में कहा गया था कि पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से जस्टिस लोढा की कई सिफारिशों को पंजाब में लागू नहीं किया गया है, जबकि देश भर में कई क्रिकेट से संबंधित संस्थान जस्टिस आर.एम. लोढा की सिफारिशें लागू कर चुके हैं।

**बी.सी.सी.आई.को 6 जुलाई तक एफेडेविट दाखिल करने के निर्देश**

अदालत की तरफ से निर्देश जारी करके बी.सी.सी.आई.को इस संबंध में एक एफेडेविट दाखिल करने के लिए गया है, जिसमें यह पूछा गया है कि पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन पंजाब में जस्टिस लोढा की सिफारिशों को लागू कर रही है या नहीं, इस संबंध में जवाब देने को कहा है। साथ ही अदालत ने यह भी कहा है कि अगर इस सवाल का जवाब न में है तो बी.सी.सी.आई. की तरफ से इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं, वह भी बताने को कहा गया है। अदालत ने बी.सी.सी.आई.को 6 जुलाई तक एफेडेविट दाखिल करने को कहा है।

**क्रिकेट में सट्टेबाजी, भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनाई गई है कमेटी**

गौरतलब है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जस्टिस आर.एम. लोढा के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया गया था, जिसका उद्देश्य भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में सुधार के लिए सिफारिशें करना था। इस सिमिति को जहां क्रिकेट में सट्टेबाजी, भ्रष्टाचार को रोकने के लिए नियम बनाने के लिए कहा गया था, साथ ही प्रशासन में सुधारों की जांच और सिफारिशें करने के लिए नियुक्त किया गया था।

# लुधियाना नगर निगम में एक और घोटाला, खड़े हो रहे सवाल

लुधियाना 5 मई (निस) लुधियाना नगर निगम में लगातार नए घोटाले सामने आ रहे हैं। वहीं अब पिछले 4 साल से चल रहा एक अनोखा घोटाला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कूड़ा ढोने के लिए ठेका कंपनी को हर महीने एक करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं और अब तक कुल 48 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। इस काम के लिए निगम खुद के टिप्परों का भी इस्तेमाल कर सकता था। उल्लेखनीय है कि 35 करोड़ रुपए के 40 गार्बेज टिप्पर नगर निगम द्वारा खरीदे गए थे। पहले इन टिप्परों को एक कंपनी को दिया गया था परंतु 2021 के बाद ये टिप्पर नगर निगम को दे दिए गए।

